


बुधवार 03 सितंबर 2025
सूर्योदय प्रातः 06:01 बजे
सूर्यास्त सांय 18:41 बजे

www.khabariya.com

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज



पृष्ठ 4 सनातन अर्थशास्त्र हो सकता है ट्रम्प टैरिफ का जवाब

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्ष: 16 | अंक: 319 | गाजियाबाद, बुधवार 03 सितंबर 2025 | मूल्य: ₹ 2 | पेज: 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946







## हिमाचल में ट्रेन रुकी, देश भर में छह राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध

✷ वेबवार्ता. शिमला/चंडीगढ़/अंबाला/जम्मू/दौसा ✷

शिमला/चंडीगढ़/अंबाला/जम्मू/दौसा, 02 सितंबर (वेब वार्ता)। हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को हुई भारी बारिश के कारण सामान्य जनजीवन अश्त-व्यश्त हो गया है। ट्रेन सेवा स्थगित होने के साथ ही छह राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 1,311 सड़कें बंद कर दी गईं हैं। भूस्खलन के कारण शिमला-कालका ट्रैक पर ट्रेन पांच सितंबर तक के लिए रद्द कर दी गईं।

कुल्लू जिले के अन्नी इलाके में भूस्खलन के बाद एक निर्माणाधीन मकान क्षतिग्रश्त हो गया। मंगलवार को शिमला, कांगड़ा, सिरमौर, ऊना, बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, लाहौल-स्पीति और सोलन जिलों के अलावा कुल्लू जिले के बंजार, कुल्लू और मनाली उप-मंडल में सभी शैक्षणिक संस्थान बंद रहे। अधिकारियों ने बताया कि चंबा जिले में फंसे लगभग 5,000 मणिमहेश तीर्थयात्रियों को वापस घर भेजने के प्रयास जारी हैं।

अधिकारियों ने बताया कि 15 अगश्त को यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 16 तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है। चिनूक हेलीकॉप्टर तैनात भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) सेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से आवश्यक मशीनरी को एनएच-21 पर पहुंचा रहा है, जिससे कि जल्द से जल्द यातायात को बहाल किया जा सके। एनएचएआई ने 29 अगश्त को राष्ट्रीय राजमार्ग 21 के कीरतपुर-पंडोह-कुल्लू-मनाली खंड पर तत्काल बहाली कार्य शुरू किया था। भीषण बाढ़, बादल फटने और अचानक आई बाढ़ के कारण प्रमुख मार्ग क्षतिग्रश्त हो गए हैं। पंजाब में कौशल विकास मिशन के 43 केंद्र बंद बाढ़ प्रभावित पंजाब के कई हिस्सों में मंगलवार को भी जोरदार बारिश हुई। उफनती नदियों ने बड़े भूभाग को जलमग्न कर दिया है।



पंजाब के पठानकोट, गुरदासपुर, फाजिल्का, कपूरथला, तरनतारन, फिरोजपुर, होशियारपुर और अमृतसर जिलों के गांव बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। एनडीआरएफ, सेना, बीएसएफ, पंजाब पुलिस और जिला अधिकारियों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव अभियान जारी है। पंजाब सरकार ने खराब मौसम और राज्य में बाढ़ जैसी स्थिति का हवाला देते हुए पंजाब कौशल विकास मिशन (पीएसडीएम) से जुड़े सभी 43 केंद्रों को तीन सितंबर तक बंद करने का आदेश दिया है। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात स्थगित जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में हुई मूसलाधार बारिश के बीच मंगलवार को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात फिर से स्थगित कर दिया गया है। यह राजमार्ग समरोली और बनिहाल सेक्टर के बीच कई जगहों पर बारिश के कारण भूस्खलन और पहाड़ी से पत्थर गिरने के बाद बंद कर दिया गया है।

उधर, जम्मू-कश्मीर के विद्युत विकास विभाग ने 90 प्रतिशत से अधिक बिजली आपूर्ति बहाल करने का दावा किया है। बाढ़ और भूस्खलन के कारण जम्मू क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ था। 26 अगश्त को सामान्य मांग 1,050 मेगावाट के मुकाबले लोड घटकर केवल 299 मेगावाट रह गया था। माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा मंगलवार को लगातार आठवें दिन स्थगित रही। अंबाला में भीषण जलभराव हरियाणा के अंबाला जिले में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण शहर के विभिन्न हिस्सों में भीषण जलभराव हो गया है।

अंबाला के कपड़ा बाजार, नदी मोहल्ला और कई अन्य इलाकों के निवासियों को बाढ़ के कारण काफी असुविधा और नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ के पानी से घरेलू सामान क्षतिग्रश्त हो गया है। राजस्थान में नहरें उफान पर राजस्थान के दौसा जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण कई नहरें उफान पर हैं और पानी सड़कों पर बह रहा है। दौसा में सोमवार को लगभग 177 मिमी बारिश हुई। हरिपुरा बांध उफान पर है और राहत दल अलर्ट पर हैं। एडवाइजरी में कहा गया है कि जिले के सभी कॉर्पोरेट कार्यालयों और निजी संस्थानों को सलाह दी जाती है कि वे अपने कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए कहें।

## साफ-सफाई के शहर इंदौर के सरकारी अस्पताल में चूहों ने दो नवजातों को कुतरा




✷ वेबवार्ता. इंदौर ✷

स्वच्छता अभियान में नंबर 1 का स्थान पाने वाले शहर इंदौर के सरकारी अस्पताल में चूहों ने दो नवजात शिशुओं के शरीर को कुतर दिया।

घटना राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पतालों में से एक महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय (एमवायएच) में हुई।

अस्पताल प्रशासन ने मंगलवार को जांच के आदेश दिए। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अशोक यादव ने बताया कि पिछले 48 घंटे के दौरान चूहों ने दो नवजात शिशुओं को अपना शिकार बनाया। चूहों ने एक शिशु की अंगुलियों पर काटा, जबकि दूसरे के सिर और कंधे पर दांत गड़ा दिए।

दोनों शिशु जन्मजात विकृतियों से जूझ रहे हैं। इनमें से एक को खरगोन जिले में लावारिस हालत में छोड़ दिया गया था। अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि खिड़कियों पर लोहे की जालियां लगाएं, ताकि चूहे अंदर न आ सकें। मरीजों के परिजनों से भी कहा गया है कि वे बाहर से खाने-पीने का कोई सामान अस्पताल के वॉर्ड में न लाएं। विपक्ष ने की न्यायिक जांच की मांग इस बीच प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने घटना को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा और न्यायिक जांच की मांग की।

कांग्रेस प्रवक्ता नीलाभ शुक्ला ने कहा, 'एमवायएच में दो नवजात शिशुओं के शरीर को चूहों द्वारा कुतरने का मामला केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाली घटना है।

इसकी न्यायिक जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।'

## कालेश्वरम मामले में केसीआर के खिलाफ कार्रवाई पर रोक

✷ वेबवार्ता. हैदराबाद ✷। तेलंगाना हाईकोर्ट ने मंगलवार को निर्देश दिया कि राज्य सरकार कालेश्वरम परियोजना की न्यायिक आयोग की रिपोर्ट पर पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव और पूर्व मंत्री टी. हरीश राव पर सात अक्तूबर तक कोई कार्रवाई न करे। सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज पी. सी. घोष की अध्यक्षता वाले आयोग ने 31 जुलाई को सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट में परियोजना निर्माण और अन्य पहलुओं में कथित अनियमितताओं के लिए केसीआर को जिम्मेदार ठहराया। इसके अलावा आयोग ने केसीआर के भतीजे हरीश राव की भी गलती पाई। केसीआर और राव ने इस रिपोर्ट को अदालत में चुनौती देते हुए उसे रद्द करने का अनुरोध किया और बाद में अंतरिम आवेदन दाखिल किए। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि 'अगली तारीख सात अक्तूबर तक याचिकाकर्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जाए। अदालत ने सरकार को अंतरिम आवेदनों पर जवाब और मुख्य रिट याचिकाओं पर जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। मंगलवार को सुनवाई के दौरान, महाधिवक्ता सुदर्शन रेड्डी ने हाईकोर्ट से कहा कि आयोग की रिपोर्ट के निष्कर्षों पर आधारित कोई भी कार्रवाई रिपोर्ट फिलहाल विधानसभा में पेश नहीं की गई, लेकिन सरकार कार्रवाई रिपोर्ट विधानसभा में पेश करने के लिए बाध्य है।

## भागवत आरएसएस की समन्वय बैठक में भाग लेने जोधपुर पहुंचे

✷ वेबवार्ता. जोधपुर ✷। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डा मोहन भागवत पांच से सात सितम्बर तक जोधपुर में आरएसएस की होने वाली अखिल भारतीय समन्वय बैठक में भाग लेने जोधपुर पहुंच गए हैं। श्री भागवत इस बैठक में भाग लेने के लिए सोमवार को जोधपुर पहुंचे। प्रांत संघचालक (जोधपुर प्रांत) हरदयाल वर्मा ने बताया कि श्री भागवत बैठक स्थल आदर्श डिफेंस स्पोर्ट्स एकेडमी लाल सागर पहुंचे जहां उनका तिलक लगा कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। तीन दिवसीय इस समन्वय बैठक में संघ से प्रेरित 32 विविध संगठनों के अ भा अध्यक्ष, महामंत्री एवं संगठन महामंत्री सहित प्रमुख पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। बैठक में भाग लेने के लिए इन पदाधिकारियों का आने का सिलसिला शुरू हो गया है। बैठक में ये पदाधिकारी संगठन कार्य क्षेत्र में अपने अनुभवों के आधार पर परिस्थितियों का आकलन प्रश्तुत करेंगे। इसके अलावा इसमें राष्ट्रीय एकात्मता, सुरक्षा एवं सामाजिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा होगी। हाल में हुई महत्वपूर्ण घटनाओं पर सामूहिक समीक्षात्मक विश्लेषण भी किया जाएगा। बैठक में विविध संगठन के कार्यकर्ता अपने कार्य की जानकारी, उपलब्धियों तथा आगामी योजनाओं को भी प्रश्तुत करेंगे।

## डॉ. मित्तल संयुक्त अरब अमीरात में भारत के नये राजदूत नियुक्त

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी डॉ. दीपक मित्तल को संयुक्त अरब अमीरात में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि डा.मित्तल विदेश सेवा के 1998 बैच के अधिकारी हैं और उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। वह कतर में भारत के राजदूत रह चुके हैं। डॉ. मित्तल श्री संजय सुधीर की जगह लेंगे जो अब तक संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत थे। वर्ष 2021 में अफगानिश्तान से अमेरिकी सेना की वापसी के बाद उन्होंने भारत और तालिबान शासन के बीच औपचारिक संपर्क शुरू कराने में अहम भूमिका निभायी थी। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच राजनयिक संबंध 1972 में स्थापित हुए थे। दोनों देशों के बीच पिछले छह-सात वर्षों में संबंध काफी मजबूत हुए हैं।

## देश के बैंक किसानों, गामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तीकरण को विशेष प्राथमिकता दें :मुर्मु




✷ वेबवार्ता. चेन्नई ✷

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण हमारे बैंकिंग क्षेत्र की प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि कि समय पर और किफायती ऋण प्रदान करके, वित्तीय साक्षरता प्रदान करके और कृषि-तकनीक पहलों को समर्थन देकर, बैंक कृषि को टिकाऊ और लाभदायक बनाने में मदद कर सकते हैं।

श्रीमती मुर्मु यहां सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रही थी। 'स्वदेशी बैंकिंग की विरासत 120 वर्षों का उत्सव' शीर्षक के इस समारोह में तमिलनाडु के राज्यपाल एन आर रवि , केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और तमिलनाडु सरकार की समाज कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण विभाग की मंत्री पी गीता जीवन उपस्थित थीं।

राष्ट्रपति ने कहा कि जैसे-जैसे हमारी डिजिटल और ज्ञान-संचालित अर्थव्यवस्था का विश्तार हो रहा है, डिजिटल परिवर्तन और उद्यमिता में बैंकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जा रही है। स्टार्ट-अप से लेकर स्मार्ट सिटी तक, ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां बैंक मदद कर सकते हैं। बैंक एक विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदार बन सकते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि देश के सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम क्षेत्र (एमएसएमई क्षेत्र) को विकास के इंजन में बदलने में बैंक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा, " हमारे बैंकों को वंचित और हाशिये पर पड़े वर्गों की मदद के लिए भी कदम उठाने चाहिए। दिहाड़ी मजदूरों और प्रवासी मजदूरों को बैंकिंग सेवाओं से बेहतर ढंग से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किये जाने ाहिए।" श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और बैंकिंग उद्योग इसकी विकास गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा, " तेजी से विकसित हो रहे आर्थिक परिदृश्य में, लोगों की आकांक्षायें काफ़ी बढ़ी हैं। बैंकों की भूमिका वित्तीय लेन-देन से कहीं आगे बढ़ गयी है।

बैंक केवल धन के संरक्षक नहीं हैं। आज वे विविध वित्तीय सेवायें प्रदान करते हैं। वे समावेशी और सतत विकास में भी सहायक हैं।" राष्ट्रपति ने कहा कि देश के विकास के महत्वपूर्ण श्तंभों में से एक श्तम्भ 'वित्तीय समावेशन' का है, जिसका अर्थ है कि प्रत्येक नागरिक को किफायती वित्तीय सेवायें सुलभ एवं सुनिश्चित हों। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सिटी यूनियन बैंक जैसे बैंक बैंकिंग के माध्यम से वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में राष्ट्रीय लक्ष्य को पूरा करने में मदद कर रहे हैं।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारत जैसे विकासशील देश में, एक बड़ी आबादी अभी भी ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रहती है, जहां औपचारिक बैंकिंग तक सीमित पहुंच है। उन्हें कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि सिटी यूनियन बैंक ने वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

## धर्मस्थल विदेशी फंडिंग मामले में ED ने जांच शुरू की

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कर्नाटक में चल रहे धर्मस्थल विवाद के दौरान सांप्रदायिक साजिशों को हवा देने के लिए संदिग्ध विदेशी फंडिंग के इश्तेमाल के आरोपों की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है।

इस बीच मंगलुरु पुलिस ने दो कार्यकर्ताओं गिरीश मत्तनवर और महेश शेट्टी टिमरोडी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया है दोनों कार्यकर्ताओं पर इस प्रकरण को लेकर सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले वीडियो प्रसारित करने के आरोप हैं।

वहीं, ईडी उन सभी संस्थाओं और हितधारकों से जुड़े तथ्य और दश्तावेज एकत्र कर रही है, जिन पर विवाद भड़काने के लिए संदिग्ध फंड के इश्तेमाल के आरोप हैं। इनमें कुछ एनजीओ भी शामिल हैं। ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है।

मालूम हो कि इस प्रकरण को लेकर कर्नाटक भाजपा ने सोमवार को दक्षिण कन्नड़ जिले में एक रैली निकाली थी। पार्टी ने आरोप लगाया था कि मंदिर नगरी धर्मस्थल के खिलाफ साजिश रची जा रही है। रैली में भाजपा ने केंद्रीय एजेंसी एनआईए या सीबीआई से जांच की मांग की थी।

इस मांग के अगले ही दिन ईडी ने जांच शुरू कर दी है। मालूम हो कि एक पूर्व सफाई कर्मी चिन्नैया ने दावा किया था कि धर्मस्थल क्षेत्र में उसे महिलाओं और नाबालिगों सहित कई शवों को दफनाने के लिए मजबूर किया गया था। उनमें से कई पर यौन उत्पीड़न के निशान थे। उसके आरोप स्थानीय मंदिर प्रशासकों की ओर इशारा करते थे। हालांकि, बाद में चिन्नैया को झूठे दावे के आरोप में राज्य सरकार द्वारा गठित एसआईटी ने गिरफ्तार कर लिया।

## सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग आज से तीन दिवसीय भारत यात्रा पर

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की आज से शुरू हो रही भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा को राजनयिक नजरिये से काफी अहम माना जा रहा है। श्री वोंग अपनी पत्नी और एक उच्च श्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ शाम को यहां पहुंचेंगे।

दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 60 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हो रही इस यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वह बुधवार को महात्मा गांधी की समाधि राजघाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान दोनों देशों के बीच कौशल विकास, डिजिटल सहयोग, विमानन, अंतरिक्ष और जहाजरानी क्षेत्र में कई समझौतों पर हश्ताक्षर किये जाने की संभावना है।

श्री मोदी के साथ उनकी द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच भविष्य की भागीदारी को लेकर संयुक्त वक्तव्य भी जारी किया जा सकता है।



श्री मोदी के निमंत्रण पर सिंगापुर के प्रधानमंत्री के रूप में उनकी यह पहली भारत यात्रा है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस यात्रा के दौरान, श्री मोदी और श्री वोंग चार सितंबर को द्विपक्षीय चर्चा करेंगे और प्रधानमंत्री उनके सम्मान में एक भोज का आयोजन करेंगे।

प्रधानमंत्री वोंग राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे। श्री वोंग का रसायन एवं उर्वरक मंत्री और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा,वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण; शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से भी मिलने का कार्यक्रम है।

## दिल्ली में यमुना खतरे के निशान से आधा मीटर ऊपर, निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा

**एनसीआर टुडे. नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना नदी का जलश्तर मंगलवार सुबह खतरे के निशान से करीब आधा मीटर ऊपर पहुंच गया निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है।

केंद्रीय जल आयोग के अनुसार आज सुबह आठ बजे दिल्ली के पुराने रेलवे ब्रिज पर यमुना का जलश्तर 205.80 मीटर दर्ज किया गया और यह लगाता बढ़ रहा है। यहां खतरे का निशान 205.33 मीटर पर है। दिल्ली और आसपास के इलाकों में सोमवार को हुई भारी बारिश और हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से लगातार बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण राष्ट्रीय राजधानी में यह स्थिति बनी है। पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही मूसलाधार बारिश के कारण यमुनानगर जिला स्थित हथिनीकुंड बैराज से लाखों क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

## सेमीकंडक्टर की हमारी यात्रा देरी से शुरू हुयी, लेकिन कोई हमें रोक नहीं सकता : मोदी

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भले ही सेमीकंडक्टर विनिर्माण में भारत की यात्रा देरी से शुरू हुई है, लेकिन अब कोई भी ताकत हमें रोक नहीं सकती।

श्री मोदी ने यहां द्वारका स्थित यशोभूमि में तीन दिवसीय सेमीकॉन इंडिया 2025 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि देश में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम विकसित करने की दिशा में तेजी से काम हुआ है। साल 2021 में सेमीकॉन इंडिया की शुरुआत हुई थी और साल 2023 में पहले सेमीकंडक्टर संयंत्र के लिए मंजूरी प्रदान की गयी।

साल 2024 में और संयंत्रों को मंजूरी दी गयी और साल 2025 में पांच और परियोजनाएं मंजूर की गयीं। कुल 10 परियोजनाओं में 18 अरब डॉलर का निवेश हो रहा है।

उन्होंने कहा, 'भारत बैकएंड से निकलकर पूर्ण शक्तिशाली सेमीकंडक्टर राष्ट्र बनने की राह पर बढ़ रहा है। भले हमारी यात्रा देरी से शुरू हुई हो, लेकिन अब कोई ताकत हमें रोक नहीं सकती।' उन्होंने कहा कि टाटा और माइक्रोन ने टेस्ट चिप बनाने शुरू कर दिये हैं और पहला वाणिज्यिक चिप भी इसी साल बाजार में आ जायेगा। प्रधानमंत्री ने घरेलू और विदेशी कंपनियों से इस क्षेत्र में निवेश का आह्वान करते हुए भरोसा दिलाया कि सरकार की नीति 'अल्पकालिक संकेत नहीं, दीर्घकालिक प्रतिबद्धता' है। उन्होंने कहा, 'आपकी हर जरूरत हम पूरी करेंगे। वह दिन दूर नहीं जब दुनिया कहेगी डिजाइन इन इंडिया, मेड इन इंडिया।' उन्होंने कहा कि दुनिया में सेमीकंडक्टर डिजाइन करने वाली प्रतिभाओं में 20 प्रतिशत भारतीय है।

## अपहरण में वांछित 6 अभियुक्त गिरफ्तार, असलाह व गाड़ी बरामद

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक देहात के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी इगलास के कुशल पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक गोरई के नेतृत्व में वांछित अभियुक्त आशीष मणि पुत्र बल्देव प्रसाद निवासी ग्राम तेरही माफी पोस्ट तिन्दवारी जिला बान्दा, जयवीर सिंह पुत्र रामनाथ निवासी पुरैला थाना उसराहार जिला इटावा, शिवम राठौर पुत्र किशन स्वरुप राठौर निवासी पक्का बाग थाना फ्रैण्ड्स कॉलोनी जिला इटावा, अंकित गुप्ता पुत्र रामकिशन गुप्ता निवासी विकास कॉलोनी सैफई जिला इटावा, इमरान पुत्र जिआउद्दीन निवासी ऊचांरीणा सराय तबेला थाना कोतवाली इटावा जिला इटावा व शैलेन्द्र पुत्र गजेन्द्र सिंह निवासी नगला गिरन्द थाना लवेदी जिला इटावा को मान चूहरा बम्बा रोड से हाइवे की तरफ से गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से अपहृत रामबाबू पुत्र भूदेव प्रसाद निवासी माकरोल थाना इगलास जनपद अलीगढ को सकुशल बरामद किया। अभियुक्त आशीष मणि उपरोक्त के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ व घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद शुदा एक इनोवा कार नम्बर यू0पी0 84 जे 5697 बरामद हुई।

## तीन शातिर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध तमंचा कारतूस रखने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गांधीपार्क पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त हर्ष गुप्ता पुत्र मनोज गुप्ता निवासी प्रभात नगर कालोनी थाना महुआखेडा जनपद अलीगढ़, कुलदीप पुत्र मनोज कुमार निवासी जसरथपुर थाना अकराबाद व रमन पुत्र सुनील कुमार नि0 जसरथपुर थाना अकराबाद जनपद अलीगढ़ को बोनेर तिराहा फूड प्लाजा के सामने 10 मीटर थाना क्षेत्र गाँधीपार्क अलीगढ़ से अवैध असलाह के साथ गिरफ्तार किया।

## परिवार परामर्श केन्द्र ने छह परिवारों का टूटने से बचाया

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा मंगलवार को छह पारिवारिक प्रकरणों में सफल काउंसलिंग करते हुए दंपतियों के मध्य आपसी सुलह समझौता कराया गया। पहला प्रकरण सासनी हाथरस की रहने वाली विधि (परिवर्तित नाम) एवं कुलदीप (परिवर्तित नाम) निवासी इगलास अलीगढ़, दूसरा प्रकरण जितेंद्र (परिवर्तित नाम) निवासी सिंधौली अलीगढ़ तथा दीपाली (परिवर्तित नाम) निवासी जनपद मैनपुरी, तीसरा प्रकरण नेहल (परिवर्तित नाम) तथा महीप (परिवर्तित नाम) निवासीगण थाना देहली गेट अलीगढ़, चौथा प्रकरण मोबिना (परिवर्तित नाम) तथा नशरुद्दीन (परिवर्तित नाम) निवासीगण थाना अतरौली अलीगढ़, पांचवा प्रकरण रजिया बेगम (परिवर्तित नाम) तथा नौशाद (परिवर्तित नाम) निवासीगण थाना रोरावर अलीगढ़ व छठा प्रकरण दीपू (परिवर्तित नाम) निवासी थाना गांधी पार्क तथा किशोरी (परिवर्तित नाम) निवासी हाथरस का था। उपरोक्त सभी मामलों में परिवार परामर्श केंद्र टीम प्रभारी उपनिरीक्षक श्रीमती शिखा त्यागी, काउंसलर्स साजिया सिद्की, इमरान खान, सी. एल. सैनी तथा राजेश सक्सेना द्वारा की गई प्रभावशाली काउंसलिंग से पति पत्नी के बीच के विवादों को समाप्त कर परिवारों को पुनः एक सूत्र में बांधा गया।

## इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र में प्रवेश अब 15 सितम्बर 2025 तक

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷। क्षेत्रीय निदेशक इग्नू क्षेत्रीय केंद्र अलीगढ डॉ अजय वर्धन आचार्य ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया है कि इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2025 सत्र के लिए स्नातकोत्तर, स्नातक, पी.जी. डिप्लोमा कार्यक्रमों में प्रवेश की अन्तिम तिथि 15 सितम्बर तक बढ़ा दी है। उन्होंने बताया कि जो विद्यार्थी इग्नू के स्नातक, स्नातकोत्तर, पी.जी. डिप्लोमा में प्रवेश लेना चाहते हैं वे 15 सितम्बर तक अपना आवेदन https://ignouadmission.samarth.edu.in पर कर सकते है। डॉ. आचार्य ने बताया कि विद्यार्थी घर बैठे भी इग्नू में ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से दाखिला ले सकते हैं जिसके लिए विद्यार्थी इग्नू की वेबसाइट www.ignou.ac.in पर दिए गये लिंक से अपनी सुविधानुसार डेबिट कार्ड व क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग के माध्यम से अपनी फीस जमा कर सकते हैं। छात्र किसी भी असुविधा की स्थिति में इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय परिसर, रामघाट रोड अलीगढ़ पर या फोन नम्बर 8869829838 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## एएमयू इंटरडिसिप्लिनरी बायोटेक्नोलॉजी यूनिट में एंटी-रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की इंटरडिसिप्लिनरी बायोटेक्नोलॉजी यूनिट (आईबीयू) के तत्वाधान में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अंतर्गत एंटी-रैगिंग जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की गयी। इनका उद्देश्य परिसर में सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण बनाना था। अभियान के अंतर्गत प्रो. मोहम्मद उवैस ने एम.एससी. बायोटेक्नोलॉजी छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने रैगिंग के हानिकारक प्रभावों और नैतिक व्यवहार व आपसी सम्मान की आवश्यकता पर बल दिया।

# अयप्पा स्वामी के भक्तों पर अपने ही दांव में उलझ गई भाजपा





**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।**
केरल की सीपीआई (एम) की अगुवाई वाली एलडीएफ सरकार ने इसी महीने 20 सितंबर को सबरीमाला के अयप्पा स्वामी के भक्तों का ग्लोबल अयप्पा संगमम नामक एक वैश्विक सम्मेलन का आयोजन किया है, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री पी विजयन करने वाले हैं। विपक्षी पार्टी भाजपा ने विजयन सरकार के इस कदम पर उसे घेरने की रणनीति बनाई थी लेकिन उसका यह दांव अब उलटा पड़ गया है क्योंकि राज्य के हिन्दू संगठनों ने एलडीएफ सरकार के इस कदम का समर्थन किया है। भाजपा इस आयोजन का विरोध कर फिर से हिन्दू समुदाय में अपनी बढ़त बनाना चाह रही थी लेकिन उसे अब वह अपने दांव से बैकफुट पर चली गई है। राज्य के दो बड़े हिन्दू संगठनों, उच्च जाति के हिंदू नायरों की प्रभावशाली संस्था नैय्यर सर्विस सोसायटी और पिछड़े एझावा समूह के एक प्रमुख संगठन एसएनडीपी ने राज्य सरकार के इस कदम का समर्थन किया है। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों और अगले कुछ महीनों में स्थानीय निकाय चुनावों से ऐन पहले सबरीमाला के भक्तों के लिए इस तरह के अनूठे और बड़े हिन्दू सम्मेलन का राज्य सरकार द्वारा आयोजन किया जाना और उसका हिन्दू संगठनों द्वारा समर्थन किए जाने के यह मायने निकाले जा रहे हैं कि वामपंथी दलों की पहुंच हिन्दू मतदाताओं के बीच मजबूत हुई है। यह भाजपा के लिए एक झटका माना जा रहा है। अगस्त में घोषणा करते हुए राज्य सरकार ने कहा था कि मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन सबरीमाला की तलहटी में स्थित पंबा में वैश्विक अयप्पा संगमम का उद्घाटन करेंगे। पेरियार टाइगर रिज़र्व में स्थित इस पहाड़ी को अयप्पा का निवास माना जाता है। सरकार ने कहा कि इस सम्मेलन में दुनिया भर से लगभग 3,000 भक्तों के शामिल होने की उम्मीद है। इस वैश्विक सम्मेलन में दुनियाभर से अयप्पा स्वामी के भक्तों के अलावा राज्य सरकार के मंत्री और कई आध्यात्मिक नेता शामिल होंगे। अपनी तरह का यह पहला आयोजन है, जिसमें राज्य सरकार की संस्था त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड की 75वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। यही संस्था सबरीमाला मंदिर का प्रबंधन और देखरेख करती है। चुनावी मौसम में ग्लोबल अयप्पा संगमम के आयोजन को राजनीतिक हलकों में राज्य में हिंदू मतदाताओं को लुभाने के लिए माकपा द्वारा उठाए गए कदम के रूप में देखा जा रहा है। ऐतिहासिक सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समर्थन करने पर बहुसंख्यक समुदाय से कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था, जिसमें शीर्ष न्यायालय ने सबरीमाला मंदिर में मासिक धर्म की आयु वाली की महिलाओं के प्रवेश पर रोक लगाने की प्रथा को असंवैधानिक करार दिया था।

### नोएडा पुलिस का नया हेडक्वार्टर होगा हाईटेक

# 7 मंजिला बिल्डिंग के लिए फाइनल भी हुई जगह

**नोएडा , एजेंसी।**
नोएडा सेक्टर-153 में गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरी का सात मंजिला नया अत्याधुनिक मुख्यालय बनेगा। इमारत बनाने के लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है। जमीन आवंटन के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। अभी सेक्टर-108 में आरटीओ विभाग के लिए बनाए गए ऑफिस में ही कमिश्नरी का मुख्यालय चल रहा है।

गौतमबुद्ध नगर और लखनऊ दो स्थानों पर 13 जनवरी 2020 को पुलिस कमिश्नरी प्रणाली का गठन कर कमिश्नर की नियुक्ति की गई। प्रदेश की पहली पुलिस कमिश्नरी बनने का गौरव इन्हें प्राप्त हुआ, तब से लेकर अब तक गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरी का अपना मुख्यालय नहीं बन सका था। सेक्टर-108 में आरटीओ विभाग के लिए बनाए गए ऑफिस में पुलिस कमिश्नरी मुख्यालय चल रहा है।

अब शीघ्र ही पुलिस कमिश्नरी का अपना मुख्यालय होगा। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण और पुलिस अधिकारियों ने निरीक्षण के बाद सेक्टर-153 में पांच हजार वर्ग मीटर जमीन चिह्नित की है। यहां पर पुलिस कमिश्नर का नया कार्यालय बनाया जाएगा। प्राधिकरण स्तर पर इस जमीन के लिए आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जमीन आवंटित होने के बाद यहां पर सात मंजिला अत्याधुनिक पुलिस मुख्यालय बनेगा। जहां पर हर प्रकार की अत्याधुनिक सुविधा होगी ।

ट्रैफिक पार्क 35 करोड़ की लागत से बना था ⁻ सेक्टर-108 में 35 करोड़ रुपये की लागत से आठ एकड़ जमीन में ट्रैफिक पार्क का निर्माण किया गया था। यह बिल्डिंग सहायक संभागीय परिवहन विभाग के दफ्तर के लिए बनाई गई थी, लेकिन मुख्यालय की



ओर से व्यवस्थाओं के लिए 1.43 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत न होने के कारण परिवहन विभाग कार्यालय का स्थानांतरण लंबे समय से अटका रहा। इसी बीच सरकार ने गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरी के गठन का फैसला ले लिया और उसके बाद इस ट्रैफिक पार्क को ही पुलिस कमिश्नरी का मुख्यालय बना दिया गया। गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरी का जब गठन किया गया था, तब जिले में सिर्फ 22 थाने थे। कमिश्नरी के गठन के बाद शासन ने जिले में पांच नए थाने बनाए थे ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके। सेक्टर-153 में पुलिस कमिश्नर का नया कार्यालय बनने के बाद सेक्टर-108 में परिवहन विभाग के लिए बना ट्रैफिक पार्क फिर से परिवहन विभाग को वापस मिल सकता है। हालांकि, इसमें करीब तीन साल का समय लगेगा, क्योंकि पुलिस कमिश्नर का नया दफ्तर बनने के बाद ही यह इमारत खाली हो सकेगी। सात मंजिला भवन को बनने में दो साल से अधिक का समय लगेगा।

# पूर्व पति को फंसाने के लिए घर पर रखवाया फेक आईईडी, महिला वकील की खतरनाक साजिश का खुलासा



**जम्मू, एजेंसी।**
जम्मू-कश्मीर पुलिस ने महिला वकील की ओर से अपने पूर्व पति को आतंकवाद के आरोप में फंसाने के मामले का पर्दाफाश किया है। राहिला कादरी ने लंबे समय तक जेल भेजने के लिए फर्जी आईईडी अपने पूर्व पति के घर पर रखवाने की साजिश रची। पुलिस के मुताबिक, राहिला ने अपने मौजूदा पति वकील रईस अहमद भट के साथ मिलकर यह प्लान बनाया था। वह अपने पूर्व पति से बदला लेना चाहती थी। इस काम के लिए उन्होंने बांदीपोरा के सुंबल निवासी सजाद अहमद गनी का इस्तेमाल किया, जिसने फर्जी आईईडी को पूर्व पति मंजूर अहमद खान के फेरोजपुर स्थित घर पर रखा।

पुलिस ने कहा कि राहिला और उनके पूर्व पति के बीच लंबे समय से वैवाहिक विवाद चल रहा था, जिसके चलते राहिला उससे गहरी नफरत रखती है। उन्होंने इस साजिश को अंजाम दिया ताकि मंजूर को फर्जी केस में फंसाया जा सके। सजाद ने भी आईईडी रखने के बाद पुलिस को गलत जानकारी दी ताकि मंजूर को फर्जी रिकवरी केस में फंसाया जा सके। पुलिस ने बताया कि इस मामले में तीनों आरोपियों (राहिला, रईस और सजाद) को कानूनी नोटिस जारी किए गए हैं और केस को कोर्ट में पूरी तरह से निष्पक्ष रूप से आगे बढ़ाया जाएगा।

### घर में आईईडी छिपाने की सूचना

घटना के बारे में और जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि 31 जुलाई को तंगमर्ग पुलिस को सूचना मिली थी कि फेरोजपुर में मंजूर के घर में एक आईईडी छिपाया गया है। इसके बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने मिलकर इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। ऑपरेशन के दौरान घर के मुख्य गेट के पास एक संदिग्ध पैकेज मिला। बम निरोधक दस्ते ने जांच की तो पता चला कि पैकेज में प्लास्टिक का डिब्बा था, जो देखने में आईईडी जैसा लग रहा था लेकिन वो नकली था। इसे लेकर पूरे मामले की गहराई से जांच की गई और फिर धीरे-धीरे सारे खुलासे हुए।

# आपको कन्नड़ आती है? कर्नाटक सीएम सिद्दारमैया ने पूछा सवाल

### राष्ट्रपति मूर्मू ने दिया जवाब



**बेंगलुरु, एजेंसी।**
देश में भाषा को लेकर चल रही खींचतान के बीच सोमवार को कर्नाटक सीएम सिद्दारमैया और राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के बीच में हल्की बातचीत हुई। मैसूर यात्रा पर पहुंची राष्ट्रपति मुर्मू से एक कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेता ने पूछा, क्या आप कन्नड़ जानती हैं? इस सवाल का मुस्कुराते हुए स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि नहीं वह कन्नड़ नहीं जानती हैं। हालांकि इसके साथ ही उन्होंने वादा भी किया कि वह जरूर यह भाषा सीखेंगी।

अखिल भारतीय वाणी एवं श्रवण संस्थान के हीरक जयंती समारोह में पहुंची राष्ट्रपति मुर्मू के लिए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने अपना स्वागत भाषण कन्नड़ में शुरू किया। इसके बाद उन्होंने मुस्कुराते हुए राष्ट्रपति की ओर देखते हुए पूछा कि क्या आप कन्नड़ जानती हैं? इसका जवाब राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने अंदाज में देते हुए कहा, मैं माननीय मुख्यमंत्री को बताना चाहूंगी कि यद्यपि कन्नड़ मेरी मातृभाषा नहीं है, फिर भी मैं अपने देश की सभी भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं का गहरा सम्मान करती हूं। मैं उनमें से प्रत्येक के प्रति बहुत सम्मान और आदर रखती हूं।

इतना ही नहीं राष्ट्रपति मुर्मू ने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा कि वह सभी भाषाओं को जीवित रखने के प्रयास की भी सराहना करती हैं। उन्होंने कहा, मैं चाहती हूँ कि हर कोई अपनी भाषा को जीवित रखे, अपनी परंपराओं और संस्कृति को बचाए रखे और उस दिशा में आगे बढ़े। मैं इसके लिए अपनी शुभकामनाएँ देती हूँ। और मैं धीरे-धीरे कन्नड़ सीखने की कोशिश ज़रूर करूँगी। गौरतलब है कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री और राष्ट्रपति मुर्मू के बीच में यह वार्तालाप ऐसे समय में सामने आया है, जब कुछ समय पहले ही मुख्यमंत्री ने कहा कि था कि राज्य के सभी लोगों को कन्नड़ सीखनी चाहिए। उन्होंने कहा था कि अलग-अलग भाषाएं बोलने वाले लोग यहां बस गए हैं। अब जो आ गए हैं तो उन्हें भी कन्नड़ सीखनी चाहिए। इससे पहले अखिल भारतीय वाणी एवं श्रवण संस्थान के हीरक जयंती समारोह में शामिल होने के लिए मैसूर पहुंची राष्ट्रपति का स्वागत हवाई अड्डे पर कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत और मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने किया। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर पहुंची राष्ट्रपति के साथ वहां पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल समेत कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे।

## अकाउंट्स एग्रीगेटर स्थापना दिवस पर आईआरडीए चेयरपर्सन ने दिया बधाई संदेश

✷ **एनसीआर टुडे. मुंबई** ✷

अकाउंट्स एग्रीगेटर (एए) स्थापना दिवस पर, हम वित्तीय डेटा साझाकरण को सुरक्षित, सरल और सहमति-आधारित बनाने के लिए एए इकोसिस्टम को बधाई देते हैं। हम देखते हैं कि एए फ्रेमवर्क, बीमा उत्पादों को डिज़ाइन करने के लिए डेटा, एनालिटिक्स और तकनीक के उपयोग को बढ़ावा दे रहा है जो अधिक किफायती, सुलभ और लोगों की जरूरतों के अनुरूप हों।



2025 में, बीमा क्षेत्र में, विशेष रूप से टर्म इंश्योरेंस पॉलिसियों की अंडरराइटिंग के लिए, एए का उपयोग बढ़ेगा, और हम अधिक बीमा कंपनियों को शक्तिशाली डीपीआई रेल का उपयोग करके प्रयोग और नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यह डीपीआई यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है कि प्रत्येक भारतीय परिवार को पर्याप्त सुरक्षा मिले, और हम देश के '2047 तक सभी के लिए बीमा' के लक्ष्य को प्राप्त करें।

# हिमाचल में अगस्त की बारिश ने तोड़ा 76 साल का रिकॉर्ड, सामान्य से अधिक दर्ज हुई वर्षा?



**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश में बारिश का नया रिकॉर्ड बना है। इस अगस्त में हिमाचल ने बीते 76 सालों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए सबसे यादा बारिश दर्ज की है। शिमला मौसम विभाग ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में 76 वर्षों में सबसे ज़्यादा बारिश वाला अगस्त महीना रहा। इस महीने में 431.3 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 1949 के बाद से सबसे ज़्यादा है।

स्थानीय मौसम कार्यालय के मुताबिक अगस्त में 256.8 मिमी की सामान्य बारिश के मुकाबले 431.3 मिमी बारिश हुई। आंकड़ों को और सरल करें तो इस बार 68 फीसदी यादा बारिश दर्ज की गई है। ये आंकड़े 1901 में रिकॉर्ड होना शुरू हुए थे। इसके बाद से यह साल 1901 से अब तक का नौवां सबसे यादा बारिश वाला अगस्त रहा। वहीं 1949 के बाद पहली बार अगस्त माह में इतनी अधिक वर्षा दर्ज हुई है।

25 और 26 अगस्त को दो दिन मानसून की सक्रियता ज़ोरदार रही है। इस दौरान मंडी, कुल्लू, कांगड़ा, लाहौल-स्पीति और चंबा ज़िलों से भारी तबाही की खबरें सामने आई थीं।मौसम विभाग के मुताबिक अगस्त में मानसून पाँच दिनों तक कमज़ोर रहा और बाकी दिन सामान्य रहा।

बारिश के आंकड़ों को देखें तो अगस्त में चार ज़िलों - कुल्लू (165 प्रतिशत), शिमला (123 प्रतिशत), ऊना (119 प्रतिशत) और सोलन (118 प्रतिशत) में 100 फीसदी से ज़्यादा बारिश दर्ज की गई। वहीं चंबा, बिलासपुर और किन्नौर ज़िलों में यह 85 से 93 फीसदी के बीच बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने मंगलवार को कांगड़ा, मंडी और सिरमौर ज़िलों में अलग-अलग जगहों पर बेहद भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही भूस्खलन, अचानक बाढ़, ज़मीन धंसने, जलभराव और जलाशयों के उफान पर होने की चेतावनी भी दी है।मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि सितंबर में राज्य के ज़्यादातर हिस्सों में सामान्य से ज़्यादा बारिश का भी अनुमान है।

# उपराष्ट्रपति पद के लिए सुदर्शन रेड्डी का समर्थन न करें, बस्तर शांति समिति ने सांसदों को लिखी चिट्ठी

**रायपुर, एजेंसी।**
बस्तर शांति समिति के सदस्यों ने सभी सांसदों से अपील की है कि वे इंडिया ब्लॉक के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी का समर्थन न करें। उन्होंने 2011 में इस क्षेत्र में सलवा जुडूम आंदोलन को खत्म करने का फैसला सुनाया था। रेड्डी सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश हैं। सदस्यों ने कहा कि बी. सुदर्शन रेड्डी और जस्टिस एस.एस. निज्जर के इस फैसले ने बस्तर क्षेत्र को अंधकार युग में धकेल दिया, जिससे नक्सली हिंसा की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई।

बस्तर शांति समिति से जुड़े कवाडे ने एएनआई को बताया कि बस्तर में नक्सलवाद की हिंसा से तंग आकर वहां के लोगों ने सलवा जुडूम नाम से एक आंदोलन शुरू किया। यह इतना शक्तिशाली था कि नक्सलियों को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। फिर 2011 में दिल्ली में कुछ नक्सल समर्थकों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। बी सुदर्शन रेड्डी उस समय जज थे। उन्होंने फैसला सुनाया जिससे सलवा जुडूम पर रोक लग गई। यह सिर्फ एक फैसला नहीं था, बल्कि बस्तर के लोगों के लिए एक काला युग था।

उन्होंने आगे कहा कि बस्तर शांति समिति की केवल एक ही मांग है। हमने सांसदों से एक पत्र के माध्यम से अनुरोध किया है कि वे ऐसे व्यक्ति का समर्थन न करें जिसने बस्तर को रक्तरंजित करने का निर्णय लिया है। यह फैसला तब सुनाया गया था जब छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा सत्ता में थी।

बस्तर के नक्सली हिंसा के एक अन्य पीड़ित केदारनाथ कश्यप ने



अपने भाई की दुखद मौत को याद करते हुए कहा कि बस्तर के आदिवासी लोगों ने 2000 के दशक में सलवा जुडूम आंदोलन के माध्यम से नक्सलवाद की समस्या का समाधान करने की कोशिश की थी। 2011 में तत्कालीन सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी ने उस आंदोलन को निराधार बताया और कुछ वकीलों ने ऐसा तर्क पेश किया कि उन्होंने आंदोलन को खत्म करने का आदेश जारी कर दिया।

उन्होंने आगे कहा कि उसके बाद 12 मार्च 2014 को हमारे साथ ऐसी ही एक नक्सली घटना घटी। मुझे और मेरे भाई को खुले बाजार में गोली मार दी गई। जब गोली लगने के बाद भी मेरा भाई नहीं मरा, तो उसका गला रेत दिया गया। मुझे भी गोली मारी गई, जिसके कारण मुझे आज भी चलने में दिक्कत होती है।

उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कथित वामपंथी समर्थक सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को नामित करने के लिए इंडिया ब्लॉक पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सलवा जुडूम पर रेड्डी का फैसला ही एकमात्र कारण था कि मरने के कगार पर पहुंच चुका वामपंथी उग्रवाद दो दशकों से अधिक समय तक जीवित रहने में कामयाब रहा। एएनआई के साथ एक इंटरव्यू में शाह ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने मांग की कि कांग्रेस नेता को विपक्षी गठबंधन द्वारा ऐसे उम्मीदवार को चुनने के फैसले पर स्पष्टीकरण देना चाहिए जो वामपंथी विचारधारा के प्रति सहानुभूति रखता है। जिसके फैसले ने सशस्त्र नागरिक निगरानी समूह को भंग कर दिया, जिससे 2020 से पहले नक्सलियों का उन्मूलन नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के कारण जो स्कूल नष्ट हुए थे वहां सीआरपीएफ और सुरक्षा बल तैनात किए गए। आदेश के बाद उन्हें रातोंरात हटा दिया गया। कई जगहों पर सुरक्षा बलों पर हमले किए गए। सुदर्शन रेड्डी से ज्यादा राहुल गांधी को इस पर जवाब देना चाहिए। इस फैसले के कारण नक्सलियों को संरक्षण मिला है।

## दुकान से मोबाइल चोरी कर खाते से 18 हजार रुपये निकाले

**✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷।** लोनी के ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में स्थित मंडोला गांव में चोर ने दुकान से मोबाइल चोरी कर दुकानदार के खाते से 18 हजार रुपये निकाल लिए। दो माह बाद बैंक पासबुक अपडेट कराने पर पीड़ति को अपने साथ हुई चोरी का पता चला। पीड़ति की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। मंडोला गांव निवासी महेश चंद त्यागी की गांव में परचून की दुकान हैं। उन्होंने बताया कि 11 जून को चोर ने दुकान में रखा मोबाइल चोरी कर लिया। उन्होंने अगले दिन अपना पुराना नंबर दोबारा चालू करा लिया। उन्होंने बताया कि 21 अगश्त को जब बैंक में जाकर पासबुक की एंट्री कराई तो उन्हें दो माह पूर्व हुए खाते से 18 हजार रुपये निकाले जाने की जानकारी हुई। पीड़ित ने घटना की जानकारी बैंक अधिकारी प पुलिस को दी।

## फुलसंदा में तीन दिवसीय नौमी मेले का शुभारंभ

**✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷।** कोतवाली देहात रोड स्थित गांव फुलसंदा में लगने वाले परंपरागत तीन दिवसीय नौमी मेले का सोमवार को मेला कमेटी ने विधिवत रूप से शुभारंभ किया। कमेटी संरक्षक संजीव कुमार, अध्यक्ष सचिन टांक, अश्विनी कुमार, आकाश कुमार, टिंकुल कुमार, पंकज कुमार, प्रज्ज्वलदीप, देवराज आदि उपस्थित रहे। वहीं खराब मौसम के चलते बहुत कम संख्या में लोगों के पहुंचने से दुकानदार मायूस दिखाई दिये। दुकानदारों का कहना है कि यदि मौसम में सुधार नहीं हुआ तो नुकसान होने लाजमी है।

## पांच दिवसीय नरसिंह मेले का शुभारंभ

**✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷।** ग्राम पंचायत आकू के राजस्व गांव मजहरपुर स्थित श्री नरसिंह भगवान मंदिर परिसर में लगने वाले नरसिंह मेले का शुभारंभ रविवार की देर शाम मुख्य ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी ने भगवान नरसिंह का पूजन कर व फीता काटकर किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि मेले भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। यह हमें हमारी सनातन संस्कृति से जोडे रखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके बाद श्रद्धालुओं ने श्री नरसिंह भगवान के मंदिर में प्रसाद चढाकर सुख समृद्धि की कामना की। वहीं मेले से जरूरी सामानों की खरीदारी की। समिति अध्यक्ष ग्राम प्रधान अवराना ने बताया कि नरसिंह मेला क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। यह पांच सितंबर तक चलेगा। ग्राम प्रधान के पुत्र जामिल अहमद, पंचायत सचिव काकेंद्र सिंह, प्रशांत कुमार, ओमकार सिंह, मुनिराम सिंह, तेजपाल सिंह, यशपाल सिंह, अतीश शर्मा, पवन कुमार, जसमेर सिंह आदि रहे।

## अफजलगढ़–गोवर्धनपुर मार्ग पर पुलिया क्षतिग्रस्त, हादसे का मंडरा रहा खतरा

**✷ एनसीआर टुडे. अफजलगढ़ ✷।** ग्राम पंचायत मेधपुर क्षेत्र में अफजलगढ़ से गोवर्धनपुर उर्फ़ सावकार को जोड़ने वाली सड़क पर बनी पुलिया जर्जर होकर हादसे को दावत दे रही है। यह काली डामर सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाई गई थी, जिस पर सिंचाई विभाग की पहर कोटिंग पर पुलिया निर्मित है। लगातार बारिश से पुलिया क्षतिग्रश्त हो चुकी है और उस पर से गुजर रहे भारी वाहनों के कारण इसकी स्थिति और भी नाजुक हो गई है। इस मार्ग से तीन ग्राम पंचायतें जुड़ी हुई हैं, लिहाज़ा रोज़ाना सैकड़ों लोग इस राश्ते से गुजरते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया की बदहाली के चलते किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उप जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर पुलिया का निरीक्षण किया और संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने प्रशासन से पुलिया की जल्द से जल्द मरम्मत कराने की मांग की है।

## विधायक ओम कुमार ने लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷।** विधायक ओमकुमार ने सोमवार को लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उन्हें संत शिरोमणि गुरु रविदास की तस्वीर भेंट की। विधायक ने मुख्य मंत्री से बालावाली स्थिति संत शिरोमणि गुरु रविदास आश्रम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के धनराशि आवंटित करने का निर्देश जारी करने के लिए अनुरोध किया। साथ ही उन्हें अपनी विधानसभा क्षेत्र के गांव फुलसंदा निवासी पर्व चौधरी व तुषार चौधरी द्वारा कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विश्व में देश, प्रदेश, जनपद व विधानसभा क्षेत्र का नाम रोशन करने के विषय में जानकारी दी। विधायक ओमकुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा दोनों प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा यथाशीघ्र सम्मानित करने के लिए कहा। इस दौरान उनके साथ परम संत शिरोमणि गुरु रविदास आश्रम पावली खास मोदीपुरम जनपद मेरठ के प्रबंधक संत ज्ञान दास, संत विजय दास तथा श्री गुरु रविदास मंदिर वीटा 2 ग्रेटर नोएडा जनपद गौतम बुद्ध नगर के संत छोटू धारीवाल रहे।

## 10 बसें लाने के लिए कानपुर जाएगा चालक दल

**✷ एनसीआर टुडे. नोएडा ✷।** मोरना डिपो से चलने वाली 10 मिनी बसें लाने के लिए बुधवार को चालक दल भेजा जाएगा। ये बसें कानपुर कार्यशाला में बनकर तैयार हैं। प्रबंधन की तरफ से 10 रूट तैयार कर लिए गए हैं। ये बसें नोएडा से ग्रेटर नोएडा और गांव को जोड़ने के लिए चलाई जाएंगी। यूपी परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि 10 मिनी बसों को लाने के लिए ड्राइवर को कानपुर भेज दिया गया है। इन बसों को लाने का उद्देश्य शहर की कनेक्टिविटी को बेहतर करना है ताकि शहर से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी को मजबूत किया जा सके।

## कार और एंबुलेंस की आमने-सामने टक्कर

# हादसे में महिला की मौत पति-बेटे समेत 5 घायल

**✷ एनसीआर टुडे. नजीबाबाद ✷**



नजीबाबाद में भारत सिनेमा के पास ओवरब्रिज पर कार और एंबुलेंस की आमने-सामने टक्कर हो गई। कार सवार लक्ष्मी (55) की मौत हो गई। जबकि उसके पति और दो बेटों समेत पांच लोग घायल हो गए। यह हादसा रविवार की रात ढाई बजे हुआ।

हल्दौर के गांव पावटी निवासी जागेश (60), पत्नी लक्ष्मी, बेटे सोहित और मोहित के साथ गांव धर्मपौटा के बरम सिंह की कार में से एम्स ऋषिकेश जाने के लिए घर से निकले। रविवार रात करीब ढाई बजे इनकी कार नजीबाबाद में ओवरब्रिज पर पहुंची तो सामने आ से आ रही एंबुलेंस से टक्कर हो गई।

हादसे में एंबुलेंस चालक और ईको मारुति कार में सवार महिला समेत छह लोग घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने समीपुर अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल लक्ष्मी को एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर किया गया, जहां उनकी मौत हो गई। इस हादसे में एंबुलेंस चालक गजरौला निवासी अमित सक्सेना को भी चोट लगी है।

दो साल पहले टूट गया था लक्ष्मी का कूल्हा पैजनिया में दो साल पहले घर में ही गिरने से लक्ष्मी का कूल्हा टूट गया था, तब से उसका लगातार ऋषिकेश के एम्स में चल रहा था। इसी बीच उसके गुर्दे भी खराब हो गए थे। पति जागेश गांव में नाई का काम करता है। लक्ष्मी की मौत से पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है

## बोरिंग करने वाली मशीन में अचानक लगी आंग फायर ब्रिगेड की टीम ने आंग पर काबू पाया

**✷ एनसीआर टुडे. नजीबाबाद ✷**

मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया मंगलवार 2 सितंबर को प्रातः समय 06:34 बजे अग्निशमन केंद्र नजीबाबाद पर सूचना प्राप्त हुई कि गांव वाडियापुर के पास कोटद्वार रोड चीनी मिल के पास रोड पर वोरिंग करने वाली मशीन मे आग लगी है।



प्रभारी अग्निशमन केंद्र नजीबाबाद के एस जादौन द्वारा अग्निशमन यूनिट के साथ तत्काल के साथ मौके पर पहुंचकर देखा कि आग वाहन संख्या UK 08 CB 6892(बोरिंग करने वाली मशीन) के केबिन एवं टायरो मे आग धू-धू कर जल रही थी। यूनिट द्वारा अतिशीघ्र मोटर फायर इंजन द्वारा पंपिंग कर, फोम का प्रयोग करते हुए आग को कड़ी मेहनत एवं सूझ-बुझ के साथ पूर्ण रूप से बुझाकर शांत किया। जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि आग शार्ट सर्किट के कारण लगी थी। उक्त अग्निकाण्ड में ट्रक की आंशिक क्षति हुई शेष ट्रक को सुरक्षित बचा लिया गया। कोई जनहानि नहीं हुई। अगर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर देरी से पहुंचती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## गज यात्रा भगवान श्री गणेश की प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा निर्धारित मार्गो से ही निकल जाएगी : नागर



**✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷**

थाना अध्यक्ष धीरज नगर ने कहा आगामी गज यात्रा भगवान श्री गणेश की प्रतिमा की विसर्जन शोभायात्रा में शासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए निर्धारित मार्गो से शोभायात्रा निकलना सुनिश्चित करें।

सोमवार की शाम को थाना कोतवाली परिसर में आगामी गज यात्रा भगवान श्री गणेश की प्रतिमा की विसर्जन की शोभायात्रा 12 वफात आदि आने वाले पर्व के लिए आयोजित बैठक में बिंदु बार उनकी तैयारी की उनके आयोजन द्वारा विश्तार से जानकारी ली।

इस अवसर पर उन्होंने कहा त्योहार हमारी भारतीय संस्कृति है त्योहारों को मनाने के लिए दी गई शासन की गाइडलाइन के अनुसार निर्धारित मार्गो से करने वाली शोभा यात्राएं। निकलना सुनिश्चित करें। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया शोभा यात्रा मार्गो पर गुजरने वाली विद्युत लाइन को ऊंचा कर ले पढ़ने वाले खाबो पर पानी लगा दें ताकि वर्षा होने पर शोभायात्रा में कोई दिक्कत ना हो।

श्री रामलीला के आयोजनों में प्रत्येक आयोजन रामलीला रंगमंच पर सीसीटीवी कैमरा लगाना सुनिश्चित करें ताकि मंचन के दौरान रामलीला में पहुंचने वाले सामाजिक तत्व पर कैमरे के माध्यम से निगरानी रखी जा सके। होने वाले अपराध पर अंकुश लगाया जा सके। अन्य पर्वों के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर गज यात्रा के दौरान बड़े वाहनों का रूट डिवीजन करने के मांग पर उन्होंने रोड डायवर्शन करने का आश्वासन दिया।

## चोरों के घुसने पर जागी महिला को घायल किया

**✷ एनसीआर टुडे. नागल सोती ✷**

गांव चंदोक में दो चोरों ने एक घर में घुसकर चोरी करने का प्रयास किया।



आहट होने पर जागी महिला को चोरों ने लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। महिला को चंदक के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

गांव चंदोक में वीर सिंह के घर में रविवार की रात करीब सवा नौ बजे दो चोर घुसे और चोरी का प्रयास किया। वीरसिंह की पुत्रवधू नीतिका (24 वर्ष) अपने कमरे में आराम कर रही थी। पास के कमरे से कुछ आवाज आई। आहट सुनकर वह कमरे की ओर गई तो उसने दो चोरों को संदूक खोलते देखा। चोरों ने महिला को पकड़कर उसका मुंह दबा लिया।

महिला के सिर, पैर, कमर पर लोहे की रॉड से हमला किया, जिससे वह घायल हो गई। महिला की चीख सुनकर घर के दूसरे हिस्से में मौजूद उसके

ससुर जब पहुंचे तो चोर दरवाजे से निकलकर भाग गए। महिला ने परिजनों को बताया कि चोरों में एक पुरुष और एक महिला थी। दोनों ने नकाब लगा रखे थे। उनके पास एक बैग भी था। उधर, सीओ नितेश प्रताप सिंह का कहना है कि जांच की जा रही है।

# मोदीनगर के सभासद और पुलिस ने गरीब परिवार पर किया हमला, वायरल हुआ मारपीट का वीडियो

**✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷**

गाजियाबाद जिले के मोदीनगर क्षेत्र के गदाना गांव में एक गरीब परिवार द्वारा बनाए जा रहे निर्माणाधीन मकान को लेकर विवाद ने गंभीर रूप ले लिया है।

आरोप है कि वार्ड की सभासद नीतू चौधरी की बाइक, निर्माण स्थल की एक सेटरिंग बल्ली से टकरा गई, जिससे वह गिर गईं। हालांकि उन्हें किसी तरह की चोट नहीं आई, लेकिन इसके बावजूद सभासद ने मजदूरों और मकान मालिक से इलाज के नाम पर पैसों की मांग की।

पैसे न देने पर कथित रूप से गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। इसके बाद, सभासद ने अपने परिजनों को मौके पर बुला लिया, जिससे घबराकर मजदूर मौके



से भाग निकले।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि बाद में सभासद परिवार ने मोदीनगर पुलिस से मिलीभगत कर फर्जी मेडिकल रिपोर्ट तैयार करवाई और गरीब परिवार के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया।

आरोप है कि 1 सितंबर की रात को सभासद परिवार ने एक फार्महाउस पर पुलिस अधिकारियों को दावत दी। उसी रात, पुलिस और सभासद के सहयोगियों ने मिलकर पीड़ित परिवार के घर पर रेड मारी।

आरोपों के अनुसार, रेड के दौरान घर में मौजूद महिलाओं, बच्चियों और बुजुर्गों के साथ बदसलूकी और मारपीट की गई। पड़ोसियों द्वारा जब इसका विरोध किया गया तो उन्हें भी पुलिस जबरन थाने उठा ले गई।

सबसे गंभीर बात यह रही कि छापेमारी के वक्त पीड़ित परिवार का कोई भी पुरुष सदस्य मौजूद नहीं था और पुलिस टीम में कोई महिला कांस्टेबल भी शामिल नहीं थी, जो कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन है।

इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिस और गुंडों की मारपीट साफ़ देखी जा सकती है।

# पति ने पत्नी की तीन उंगलियाँ काट डाली, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया

**✷ एनसीआर टुडे. नोएडा ✷**

ग्रेटर नोएडा में रहने वाली एक विवाहिता के साथ मारपीट कर उसके हाथ की 3 अंगुलियां काटने वाले एक पति को आज थाना सूरजपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था। इस लिए वह अपने मायके में रह रही थी। पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है।

थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि बीते 23 अगश्त को एक शख्स ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट करते हुए उसकी हाथ की 3 अंगुलियां चाकू से हमला कर काट दी थी। इस मामले में पीड़ति द्वारा थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस मामले में जांच-पड़ताल कर रही थाना पुलिस ने आज लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से वांछित अभियुक्त पवन कुमार पुत्र गुरदास को ईटा-1 ग्रेटर नोएडा की सर्विस रोड से गिरफ्तार गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त की निशानदेही से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभियुक्त पवन की शादी वर्ष 2016 में शिवानी नामक महिला से हुई थी। शादी के बाद अभियुक्त पवन अपनी पत्नी शिवानी के चरित्र पर शक करता था, जिसके चलते शिवानी अपने पिता के घर (मायके) ईटा-1, ग्रेटर नोएडा में रहने लगी।

## सिपाही ने जहर खाकर किया आत्महत्या का प्रयास, गम्भीर हालत में मेरठ रैफर

**✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷**

नजीबाबाद में तैनात एक पुलिसकर्मी ने घरेलू विवाद के चलते जहरीला पदार्थ



खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया है।

पुलिस लाइन बिजनौर में तैनात 2021 बैच का सिपाही अमित कुमार, जो मूल रूप से बुलंदशहर जिले का रहने वाला है, ने अपने किराए के मकान सरस्वती विहार कॉलोनी में जहरीला पदार्थ खा लिया। पुलिसकर्मी को तुरंत सीएचसी समीपुर ले गए।

जहां से हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर मेरठ रेफर कर दिया। मौके से पुलिस ने सल्फॉस का पैकेट और एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। इसमें घरेलू विवाद और एक युवती दीप्ति एवं उसके परिवार द्वारा प्रताड़ना का जिक्र किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और सिपाही का मेरठ में उपचार जारी है।

# डीएम ने किया कलेक्टेट में निर्माणाधीन ए ब्लॉक के दूसरे भाग का निरीक्षण



**✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷**

जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा दोपहर 1:00 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित निर्माण अधीन ब्लॉक ए भवन के दूसरे भाग का विश्तृत रूप से निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्यदाई संस्था सिडको द्वारा निर्मित किए जाने वाले भवन बी का नक्शा देखा और उसमें निर्माण होने वाले कमरों आदि की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था द्वारा अब तक का निर्माण कार्य निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार प्रगति पर पाया गया।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अभियंता को निर्देश दिए कि निर्माण सामग्री की लैब जांच कराए और समय-समय पर भवन निर्माण में प्रयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता की समय समय पर खुद भी जांच करते रहें। उन्होंने कार्यदाई संस्था के अधिकारी को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन ब्लॉक बी भवन को निर्धारित डिजाइन, क्वालिटी के अनुसार टाइमलाइन के मुताबिक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

निर्माण सामग्री में किसी भी प्रकार की लापरवाही और अनिमियतता न बरतें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, लोक निर्माण विभाग तथा कार्यदाई संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

# बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल नहीं : जिला अधिकारी

**✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷**

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने उत्तर प्रदेश शासन के पत्र के अनुपालन में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 'No Helmet No Fuel' का एक विशेष अभियान आगामी 30 सितम्बर, 2025 तक संचालित किया गया है।

पूर्व में भी इस प्रकार का अभियान जनपद बिजनौर में सफलतापूर्वक क्रियान्वित हुआ है।, जिससे हेलमेट उपयोग में वृद्धि के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुये हैं।

उन्होंने बताया कि उक्त अभियान, जनसुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 129 द्वारा दो पहिया चालक एवं पिलियन के लिए हेलमेट अनिवार्य है।

धारा 194-डी इसके उल्लंघन पर दण्ड का प्रावधान करती है। सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति (SC-CORS) द्वारा भी हेलमेट अनुपालन को प्राथमिकता देने के लिए राज्यों को निर्देशित किया गया है।

अतः 'No Helmet No Fuel विधिसम्मत जन हितकारी तथा सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु/गम्भीर चोटों को घटाने के उददेश्य से पूर्णतः औचित्यपूर्ण है। उन्होंने जनपद बिजनौर के सभी फ्यूल पम्प संचालकों एवं स्वामियों को निर्देश दिए कि वह किसी भी ऐसे दो पहिया चालकों को पैट्रोल का विक्रय नहीं करेंगें।

जिसके चालक एवं पिलियन ने हेलमेट नहीं पहना है। सभी फयूल पम्प संचालक एवं स्वामी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनके प्रतिष्ठान में सी.सी.टी.वी. कैमरा सदैव सक्रिय रहें। ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सी.सी.टी.वी. फुटेज का अवलोकन कर आवश्यक निर्णय लिया है।

## गणेश विसर्जन व ईद-ए-मिलादुन्नबी को लेकर थाने में शांति समिति की बैठक



**✷ एनसीआर टुडे. स्योहारा ✷**

गणेश विसर्जन और ईद-ए-मिलादुन्नबी पर्व को लेकर थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पुलिस प्रशासन व नगर के प्रबुद्धजनों ने सम्मिलित होकर त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संकल्प लिया।

सीओ धामपुर अभय कुमार पांडे ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ईद-ए-मिलादुन्नबी के जुलूस में झंडों की ऊँचाई अधिक न हो तथा झंडों में लोहे की रॉड का प्रयोग न किया जाए।

जुलूस केवल निर्धारित मार्ग से ही निकाला जाए। वहीं गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन सुरक्षित तरीके से किया जाए तथा लोग पानी में उतरकर विसर्जन न करें।

बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र सिंह, कस्बा इंचार्ज प्रमोद कुमार शर्मा, डॉ. विनीत देवरा, डॉ. एच. एस. कालड़ा, चौधरी फहीम उर रहमान, मनोज भटनागर, विजयपाल सिंह, सभासद स्वेत रश्तोगी, अमित वर्मा, राजवीर सिंह त्यागी, नसीम कुरैशी, मुकेश रश्तोगी, आशू टाइगर, पीयूष रश्तोगी, जब्बार अहमद, प्रधान लिपिक देवेंद्र सिंह, डॉ. यज्ञदत्त गौड़, गयास कादरी, परवेज अख्तर, तौफीक अहमद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## साइबर ठगी के पांच आरोपियों को जमानत मिली

**एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा।** अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने साइबर अपराध से जुड़े मामले में गिरफ्तार पांच आरोपियों को जमानत दी है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष ठोस साक्ष्य पेश करने में विफल रहा और मामले में स्वतंत्र गवाह की कमी है।

सूरजपुर पुलिस ने 5 अगश्त 2025 को घंटा गोल चक्कर के पास से जगमोहन धाखड़, नवीन, आदित्य शर्मा, रनवीर सिंह, चनप्रीत सिंह सहित पांच युवकों को गिरफ्तार किया गया था। तलाशी के दौरान उनके पास से कई मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक और सिम कार्ड बरामद हुए थे। आरोप था कि यह आरोपी साइबर अपराधियों के संपर्क में रहते थे और फर्जी कंपनियों व दश्तावेजों के जरिये बैंक खाते खुलवाकर उन्हें ठगों को उपलब्ध कराते थे।

## थार कार सवार ठगों ने ट्रैवल एजेंट को ठगा, 20 हजार रुपये उड़ाये

चारधाम यात्रा बुकिंग के बहाने सेक्टर-142 मेट्रो स्टेशन बुलाकर दिया वारदात को अंजाम

**✷ एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷**

टूर एंड ट्रैवल्स कारोबारी को थार कार सवार दो लोगों ने चारधाम यात्रा बुक कराने के बहाने अपने जाल में फंसाया और उसके बैग से 20 हजार रुपये पार कर दिए।

पीड़ित ने सेक्टर-142 कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सेक्टर-62 स्थित टूर एंड ट्रैवल्स के कारोबारी प्रवीन वर्मा का कहना है कि 25 अगश्त को दोपहर करीब 2:30 बजे उनके पास चारधाम यात्रा बुक कराने का फोन आया। फोन करने वाले ने उन्हें बातचीत के लिए सेक्टर-142 मेट्रो स्टेशन बुलाया।

प्रवीन अपने सहकर्मी के साथ वहां पहुंचे तो दो लोग काली रंग की बिना नंबर की थार कार में मिले। उन्होंने गाड़ी में बैठकर बात करने का आग्रह किया। प्रवीन और उनका साथी भी गाड़ी में बैठ गए।

गाड़ी चलते-चलते यात्रा पैकेज की बात होती रही, लेकिन थोड़ी दूर जाकर आरोपियों ने दोनों को उतार दिया। जब प्रवीन ने अपना लैपटॉप बैग देखा तो उसमें रखा पर्स गायब मिला। पर्स में करीब 20 हजार रुपये नकद, एटीएम कार्ड और अन्य जरूरी दश्तावेज थे। पीड़ित का आरोप है कि थार सवार लोगों ने ही उनका पर्स चोरी किया है। पुलिस का कहना है कि मामले में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।


## विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि में वृद्धि

सर्वसबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 07023 | चर्लपल्ली | हज़रत निज़ामुद्दीन | रविवार | 29.06.2025 | 07.09.2025 से 30.11.2025 |
| 07024 | हज़रत निज़ामुद्दीन | चर्लपल्ली | मंगलवार | 01.07.2025 | 09.09.2025 से 02.12.2025 |
| 07077 | चर्लपल्ली | देहरादून | मंगलवार | 24.06.2025 | 25.11.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | चर्लपल्ली | वीरवार | 26.06.2025 | 04.09.2025 से 27.11.2025 |

नोट :– शेष जानकारी पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय–सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2664/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## प्लॉट पर कब्जे करने का आरोप, कोर्ट के आदेश पर 6 पर मुकदमा दर्ज

✷एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷

दादरी के घोड़ी बछेड़ा गांव निवासी एक व्यक्ति ने रबूपुरा के फलेदा बांगर गांव निवासी 6 लोगों पर उसके आवासीय प्लॉट पर अवैध निर्माण कर कब्जा करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 6 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ति दिनेश ने शिकायत में कहा है कि फलेदा बांगर गांव में उसने आवासीय प्लॉट खरीदा था।

जून 2025 को वह प्लॉट पर गया तो देखा कि चंद्रसेन, प्रकाश, सतीश, प्रताप व एक अज्ञात व्यक्ति प्लॉट की चारदीवारी कर गेट लगवा रहे थे। उसने आरोपियों का विरोध किया तो गाली-गलौज करने लगे। उसके बाद आरोपी उसे दनकौर क्षेत्र में एक यूनिवर्सिटी के पास लेकर आ गए। आरोपियों ने एक राय होकर पीड़ित के साथ मारपीट की। पीड़ति ने स्थानीय पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## बर्डफ्लू : गौतमबुद्धनगर में 12 पक्षियों के नमूने लिए

✷एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷

दिल्ली चिड़ियाघर में एवियन इन्फ्लुएंजा बर्डफ्लू का मामला प्रकाश में आने के बाद गौतमबुद्धनगर के मुर्गी फार्म में 12 नमूने लेकर जांच के लिए भेजे है। हालांकि अभी तक जिले में बर्ड फ्लू का कोई मामला प्रकाश में नहीं आया है। 16 अगश्त को रामपुर में तीन स्थानों पर पोट्री फार्म में लिए गए नमूने में एवियन एन्फ्लूएन्जा की पुष्टि हुई थी।

इसके चलते कई जिलों की सीमाएं सील कर दी गई थी। गौतमबुद्धनगर में भी पशुपालन विभाग सतर्क हो गया। इसके चलते जिले में मौजूद मुर्गी फार्म में हर रोज नमूने लिए जा रहे है। मंगलवार को 11 मुर्गी फार्म से 12 नमूने लेकर जांच के लिए भेजे है। अब तक जिले में 226 नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेजे जा चुके है। जिले में बर्ड फ्लू का मामला नहीं आया है। बावजूद इसके हर रोज पशु चिकित्साधिकारी मुर्गी फार्म में जाकर गहनता से नजर रख रहे हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अरुण कुमार सचान ने कहा कि गौतमबुद्धनगर में सभी वेटलैंड पर नजर रखी जा रही है। किसी भी स्थान पर अगर कोई पक्षी मरा हुआ मिलता है तो इसकी जानकारी वन अधिकारी जिला प्रशासन को देंगे।

## व्यवसायिक उद्देश्य से बुक फ्लैटों का वाद निरस्त

✷एनसीआर टुडे. ग्रेटर नोएडा ✷

पांच फ्लैट को एक नाम पर बुकिंग व्यवसायिक उद्देश्य से लाभ कमाने के लिए की गई। जो उपभोक्ता की श्रेणी में नहीं आता है। ऐसे ही एक मामले में बुकिंग के बाद फ्लैट पर कब्जा नहीं देने और न ही पैसा लौटाने के मामले में दायर वाद को जिला उपभोक्ता आयोग ने निरश्त कर किया। आयोग के अध्यक्ष अनिल कुमार पुंडीर और सदस्य अंजु शर्मा ने सुनवाई की।

नई दिल्ली के मयूर बिहार निवासी अजय चौपड़ा ने जैड इन्फ्राटेक कंपनी की आवासीय योजना में चार फ्लैट अपने पुत्र के निवास के लिए खरीदे थे। जिनका भुगतान 7 नवंबर 2017 को 45 लाख रुपये बिल्डर के बैंक खाते में किया। बिल्डर ने आठ माह में कब्जा देने का वायदा किया था। प्रोप्ट्री से जुडे बिल्डर वायर एग्रीमेंट बिल्डर के द्वारा दिया गया। लगातार बिल्डर नई-नई तारीख कब्जा देने के लिए देता रहा। कब्जा नहीं देने पर पैसा वापस करने का अनुरोध किया गया। पैसा नहीं दिया गया। जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। आयोग में सुनवाई के दौरान बिल्डर ने अपना पक्ष नहीं रखा। एक पक्षीय सुनवाई की गई।

## फोनरवा की टीम एसीईओ से मिली

✷एनसीआर टुडे. नोएडा ✷

फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ कृष्णा करुणेश से मुलाकात की। उन्हें लोगों से संबंधित समस्याओं का ज्ञापन सौंपा। फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा और महासचिव केके जैन ने बताया कि ज्ञापन में नोएडा में फ्लैटों में किए गए अनधिकृत विश्तार को जुर्माना लगाने की मांग की गई। इसके लिए एक विशेष समिति गठित करने का आग्रह किया गया।

## दो सिपाहियों में मारपीट के बाद एक्शन, पांच साल से तैनात थे 15 कर्मी

**वाराणसी, एजेंसी।**
लंका थाना परिसर में पिछ्ले हफ्ते कारखास मनोज सिंह, मुंशी भानु प्रताप सिंह और कांस्टेबल दुर्गेश सरोज के बीच मारपीट के बाद डीसीपी काशी ने 45 पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया। 15 पुलिसकर्मी ऐसे थे जो पांच साल से लंका थाने में तैनात थे।

बीएचयू, नगवा, रमना, संकटमोचन पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया। डीसीपी काशी जोन गौरव बंशवाल ने बताया कि भेलूपुर एसीपी गौरव कुमार की जांच रिपोर्ट के बाद पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर विभिन्न थानों में किया गया है।

बुधवार रात में लंका थाने के कार्यालय के पीछे बने कमरे में मनोज सिंह, भानु प्रताप सिंह, दुर्गेश सरोज के बीच मारपीट हुई थी। मनोज सिंह ने लंका थाने में दोनों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। तीनों पुलिस कर्मियों को भी डीसीपी काशी ने निलंबित कर दिया था। साथ ही लंका थाने पर लंबे समय से तैनात सिपाही, दीवान की रिपोर्ट एसीपी भेलूपुर से मांगी थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को अमेरिका में सिखों पर कथित टिप्पणी मामले में राहुल गांधी की ओर से दाखिल आपराधिक पुनरीक्षण अर्जी पर सुनवाई टालते हुए तीन सितंबर की तिथि नियत की है। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ ने दिया।मामला सितंबर 2024 का है। आरोप है कि लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका में एक कार्यक्रम के दौरान सिखों पर एक बयान दिया था जिसे भड़काऊ और समाज में विभाजनकारी बताते हुए विरोध हुआ था। वाराणसी निवासी नागेश्वर मिश्रा ने उनके खिलाफ सारनाथ थाने में एफआईआर दर्ज कराने की कोशिश की लेकिन सफलता न मिलने पर अदालत का रुख किया।

# कई साल का रिकॉर्ड टूटा, एक दिन में 220 एमएम बारिश

**अलीगढ़ , एजेंसी।**
अलीगढ़ शहर में 1 सितंबर को हुई बरसात ने पिछले कई साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। एक ही दिन में 220 मिलीमीटर (एमएम) बारिश दर्ज की गई, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। शहर का कोई इलाका ऐसा नहीं था जहां आसानी से पहुंचा जा सके। रामघाट रोड पर तो नाव चल गई। कई जगह तो घर और मकानों में पानी घुस गया। बिजली घर, मेडिकल कालेज और जिला अस्पताल पानी से घिरे रहे। 31 अगस्त रात 2 बजे से सोमवार सुबह 8 बजे तक लगातार तेज बारिश हुई। सुबह 10 बजे दो घंटे के लिए बारिश रुकी, लेकिन दोपहर 12 बजे से फिर शुरू हो गई, जो देर रात 8 बजे तक



जारी रही। इस भारी बारिश के कारण शहर की प्रमुख सड़कों जैसे रामघाट रोड, क्वार्सी और रेलवे रोड पर दो से तीन फीट तक पानी भर गया। कई वाहन पानी में फंस गए और रामघाट रोड पर गड्ढों के कारण कई बाइक सवार चोटिल हो गए। शहर के बाजारों, खासकर रामघाट रोड, क्वार्सी और रेलवे रोड की दुकानों और बेसमेंट में पानी भर गया। इस कारण व्यापारियों और दुकानदारों को लाखों रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ा। शहर के सासनीगेट एडीए कालोनी, शाहजमाल, महेंद्र नगर, भुजपुरा, जीवनगढ़, रजानगर, डोरीनगर, रावणटीला, सुरेंद्र नगर, देवी नगला, एलमपुर, बरौला, आईटीआई रोड, नीबरी, पला रोड, भदेसी रोड, राम नगर, अनूपशहर रोड, भगवानगढ़ी, मंजूरगढ़ी, जमालपुर, हमदर्दनगर, रियाज कालोनी, कबीर कालोनी, पटवारी नगला, 24 फुटा, मौलाना आजादनगर, धौर्रामाफी, महफूजनगर, सुरेंद्रनगर, स्वर्ण जयंती नगर, अवंतिका फेस एक, ज्ञान सरोवर, मान सरोवर, शताब्दीनगर आदि मोहल्लों में पानी भर गया।मैरिस रोड पर ई-रिक्शा पलट गया। मीनाक्षी पुल के नीचे बाइक गड्ढों में घुस गई। केलानगर और रामघाट रोड जनकपुरी के पास ई-रिक्शा पलटा। ज्वालपुरी चौके के सामने पेड गिरा।

# दक्षिण अफ्रीका बरेका से खरीदेगा 3100 हॉर्स पावर का रेल इंजन

### विशेषज्ञों ने सुविधाओं का लिया जायजा



**वाराणसी , एजेंसी।**
दक्षिण अफ्रीका बरेका से 3100 हॉर्स पावर का इंजन खरीद सकता है। इस 3100 हॉर्स पावर के ब्रॉड गेज के इंजन को केप गेज में बदला जाएगा। इसके बाद इंजन को दक्षिण अफ्रीका निर्यात किया जा सकता है। इसकी जानकारी के लिए दक्षिण अफ्रीका के रेलवे के पांच विशेषज्ञों का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को बरेका पहुंचा।

मेसर्स सिको अफ्रीका एनर्जी एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवप्रगसेन नायडू के नेतृत्व में बरेका में रेल इंजन के निर्माण की सुविधाओं एवं क्षमताओं का जायजा लिया। लोकोमोटिव की तकनीकी जानकारी ली और बरेका की उत्पादन एवं डिजाइन क्षमताओं को देखा। लाइट मशीन शॉप, सब असेंली शॉप, इंजन इरेक्शन शॉप, इंजन टेस्ट शॉप, लोको फ्रेम शॉप, लोको असेंबली शॉप, लोको टेस्ट शॉप, न्यू ब्लॉक शॉप आदि की कार्यप्रणाली से अवगत हुए। कारखाना भ्रमण के बाद पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रतिनिधि मंडल के समक्ष बरेका की उत्पादन प्रक्रियाओं, निर्माण सुविधाओं और वर्तमान परियोजनाओं पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

प्रतिनिधिमंडल बरेका में उपलब्ध डिजाइन क्षमताओं और निर्माण सुविधाओं से काफी प्रभावित दिखा। प्रतिनिधि मंडल में नायडू के अलावा मेसेला मैरी न्हालापो, इवान प्रिन्स्लू, मुनीश गुप्ता व वॉन जोहान क्रिस्टियान इक शामिल थे। इनका मुख्य यांत्रिक इंजीनियर-उत्पादन एवं विपणन सुनील कुमार ने स्वागत किया।

## कैंपस में केक काटने को लेकर बवाल, आधी रात पांच घंटे हंगामा

**वाराणसी, एजेंसी।**
बीएचयू कैंपस में रविवार की आधी रात पांच घंटे तक हंगामा और अराजकता की स्थिति बनी रही। रात 12 बजे सुबह के 5 बजे तक कैंपस में तनाव का माहौल रहा। आईआईटी बीएचयू और बिड़ला सी हॉस्टल के हजारों छात्रों में पत्थरबाजी और मारपीट हुई। इससे दो दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

आईआईटी के तीन छात्र चोटिल हुए, जिनका ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। भेलूपुर एसीपी गौरव कुमार समेत पांच थानों की पुलिस बल कैंपस में पहुंच गई। प्रॉक्टोरियल बोर्ड के साथ मिलकर बवाल कर रहे छात्रों को खदेड़ा। वहीं नाराज छात्र भागते हुए आईआईटी निदेशक प्रो. अमित पात्रा के आवास पहुंचे और वहां बाहर बाहर आओ-बाहर आओ की नारेबाजी करते हुए जान की सुरक्षा की मांग करने लगे।

मौके पर मौजूद संस्थान के चीफ प्रॉक्टर प्रो. संजय सिंह और पूरी प्रॉक्टोरियल टीम ने छात्रों को समझाकर हॉस्टल में वापस भेजा। इस दौरान उन्हें कोई शिकायत पत्र नहीं दिया गया, लेकिन छात्रों की सुरक्षा के लिए बीएचयू के साथ बैठक की बात कही गई है।बीएचयू प्रशासन की ओर से आधिकारिक बयान जारी कर कहा गया है कि स्थिति की समीक्षा कर दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई होगी।

बीएचयू बिड़ला सी हॉस्टल के चौराहे पर रविवार रात जन्मदिन का केक काटने को लेकर बवाल शुरू हुआ था। वहां से गुजरते आईआईटी के छात्रों ने रास्ते से हटने की बात कही। पलटवार में बीएचयू के छात्रों ने कहा कि तुम लोग रात 10 बजे के बाद बैरियर लगाकर रोकते हों तो अब बीएचयू में क्या कर रहे हो। ये जमीन बीएचयू की है, यहां न आना।

# श्री रामलीला महोत्सव व दशहरा की तैयारियों में जुटा नगर निगम

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

नगर निगम सीमान्तर्गत अचल ताल स्थित रामलीलाल भवन, भमौला रामलीला, बरौला जाफराबाद रामलीला, चंदनिया रामलीला स्थल के साथ-साथ शहर के अन्य स्थानों पर आयोजित होने वाली परम्परागत श्री रामलीला महोत्सव, श्री कृष्ण लीला और रावण दहन स्थल पर नगर निगम सम्बन्धी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये 'नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने नगर निगम अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुये भव्य और आकर्षक व्यवस्थाओं को तत्काल करने के निर्देश जारी किये है।

श्री रामलीला महोत्सव, श्री कृष्ण लीला और दशहरा के अवसर पर समय-समय पर निकलने वाली शोभायात्रा के मार्गों व रूट पर दशहरे के अवसर पर परंपरागत नुमाइश ग्राउंड में रावण दहन स्थल पर नगर निगम की व्यवस्थाओं को कराने के लिए चार सेक्टर थाना वाइज़ बनाए हैं। हर सेक्टर में एक नोडल व प्रभारी अधिकारी को तैनात किया गया है साथ ही साथ संपूर्ण व्यवस्थाओं को समय अंतर्गत करने और निगरानी के लिए एक वरिष्ठ नोडल अधिकारी की भी तैनाती की गई है।

अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव को व्यवस्थाओं को समय अंतर्गत पूरा करने के लिए वरिष्ठ नोडल अधिकारी बनाया गया है। मंगलवार को नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने अपने कार्यालय में श्री रामलीला महोत्सव और दशहरा के अवसर पर नगर निगम व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिनस्थों को साफ कहा 'श्रीरामलीला महोत्सव की पम्परागत व्यवस्थाओं में कमी और लापरवाही बिल्कुल बरर्दाश नहीं की जायेगी।

श्री रामलीला महोत्सव अवधि और दशहरा के अवसर पर निकलने वाली सभी शोभा यात्राओं पर नगर निगम श्तर से की जाने वाली व्यवस्थाओं को समय से कराने के लिये 04 सेक्टरों में 04 नोडल अधिकारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी, महाप्रबंधक जल,मुख्य अभियन्ता, प्रभारी लाइट सहित 25 अधिकारी व कार्मिकों सहित 750 सफाई कर्मचारियों की 60 टीमें बनायी गयी है जो दशहरे तक निरंतर एक्टिव रहेगी।

उन्होंने बताया कि शोभा यात्रा के मार्ग, रावण दहन स्थल पर नगर निगम श्तर से की जाने वाली व्यवस्थओं पर फीडबैक व समस्या को देखते हुये नगर निगम कंट्रोल रूम 7500441344, 05712750250 व 1533 को निरंतर एक्टिव रखा गया है।



प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी रामानंद त्यागी को सभी रामलीला मंच स्थलों पर प्रतिदिन विशेष सफाई व्यवस्था, फॉगिग कूड़ा उठाने नालियों की तली झाड़ सफ़ाई की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित कराने व अर्बन व सुखमा कंपनी से समन्वय कर व्यवस्थाओ को कराने के लिये जिम्मेदारी दी गयी है।

महाप्रबंधक जल डॉ पी0के0सिंह को रामलीला ग्राउण्ड व शोभा यात्राओं के रूट व मार्गो, नुमाइश मैदान, धार्मिक स्थलों, सड़क एवं सड़क की पट्रीफ पर कहीं भी जल भराव की कोई स्थिति न हो और यह भी सुनिश्चित करायेगें की जलकल संस्थान में पर्याप्त मात्रा में पानी के टैंकर भरे हुये उपलब्ध रखे ताकि किसी भी आपात स्थिति में उनका उपयोग किया जा सके। प्रमुख धार्मिक स्थलों, चौराहों पर आवश्यकतानुसार पेयजल के टैंकर भी खड़े कराया जाना सुनिश्चित करायेगें।

मुख्य अभियन्ता सुरेश चन्द्र रामलीला ग्राउण्ड व शोभा यात्राओं के निर्धारित रूट व मार्गो, नुमाइश मैदान, धार्मिक स्थलों, सड़क एवं सड़क की पटरियों पर कही भी तथा मार्गो में कोई गड्डा, पुलिया, स्लैव आदि क्षतिग्रश्त न हो श्रद्धालुओ के आवागमन के सभी मार्गो पर पैच वर्क तत्काल करायेगें।

एसएफआई रामलीला ग्राउण्ड व शोभा यात्राओं के निर्धारित रूट व मार्गो, नुमाइश मैदान, धार्मिक स्थलो पर आयोजित होने वाली सभाओं व भण्डारा के आस-पास सफाई की विशेष व्यवस्था और कूड़ा उठाने के लिये उत्तरदायी होगें और दोनो पारियों में धार्मिक स्थलों व मार्गो पर विशेष सफाई व चूना छिड़काव के लिये पूर्ण रूप से उत्तरदायी भी होगें।

पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी राजेश वर्मा रामलीला ग्राउण्ड व शोभा यात्राओं के निर्धारित रूट व मार्गो, नुमाइश मैदान, धार्मिक स्थलों के आस-पास के मार्गो, भण्डरा स्थल, कैम्पों एवं बाजारों से आवारा पशुओं व मृत पशुओं की शिकायतों पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही कर निश्तारण करायेगें और रामलीला के समय व रावण दहन के समय अतिरिक्त टीमें लगाकर आवारा पशुओं की रोकथाम के लिये पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगें।

श्री रामलीला महोत्सव और दशहरे के अवसर पर श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारी द्वारा बताई गई तिथि पर निकलने वाली शोभा यात्रा को सुगम यातायात व्यवस्था में निकलने के लिए नगर निगम पूर्ण रूप से प्रयासरत है।

शोभायात्रा की मार्ग और रावण दहन स्थल के आसपास के क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम द्वारा प्रवर्तन दल प्रभारी सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह को निर्देशित किया गया है श्री रामलीला अवधि में रोजाना शोभायात्रा के मार्गों की निगरानी होगी और अवैध अतिक्रमण को ज़ब्त किया जाएगा।

नगर आयुक्त ने अवैध अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा स्वयं अपना अतिक्रमण हटा ले अन्यथा नगर निगम द्वारा बलपूर्वक अतिक्रमण हटाया जाएगा और जुर्माना भी वसूल किया जाएगा।

महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा रामलीला और रावण दहन स्थल पर व्यवस्थाओं को अभी से कराए जाने के लिए नगर आयुक्त जी के साथ रोजाना मॉनिटरिंग की जा रही है।

गत वर्ष की भांति इस वर्ष नगर निगम श्तर से उम्दा इंतजाम कराए जाने का प्रयास किया।

## मिशन शक्ति अभियान तहत महिलाओं-बालिकाओं को किया गया जागरूक

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

एसएसपी संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान-5 के अंतर्गत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु "शक्ति दीदी" के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान (शक्ति दीदी) के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समश्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गाँवों, कस्बों व मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड, बाजार, गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज व कोचिंग सेंटर इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं व महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं व बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को शासन व यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन

# एएमयू के हॉल्स और वीमेन्स पॉलिटेक्निक ने राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया



✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के छात्रों और रेजीडेंट्स ने राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर सरोजिनी नायडू हॉल, डॉ. बी. आर. अंबेडकर हॉल और यूनिवर्सिटी विमेंस पॉलिटेक्निक में जोश और उत्साह के साथ विविध खेल गतिविधियों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की विरासत को स्मरण करते हुए फिटनेस, टीम भावना और एकता को बढ़ावा देना था।

सरोजिनी नायडू हॉल में तीन दिवसीय कार्यक्रम "हर गली हर मैदान, खेले सारा हिंदुश्तान" थीम पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोवोस्ट प्रो. उरूस इलियास द्वारा इनडोर प्रतियोगिताओं कैरम और शतरंज के उद्घाटन से हुई।

दूसरे दिन सामूहिक फिटनेस शपथ ली गई, जबकि तीसरे दिन आउटडोर प्रतियोगिताएं साइकिल रेस, चम्मच रेस, बैडमिंटन और रस्साकशी कराई गईं। एमबीए, इंजीनियरिंग, बी.पी.एड., एम.पी.एड. और पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ, जिसे वार्डन डॉ. कलीम अहमद, नाजिया बेगम, वरिशा और आइमन फहीम द्वारा समन्वित किया गया। डॉ. बी. आर. अंबेडकर हॉल में भी तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें फिटनेस के साथ-साथ पर्यावरण जागरूकता को भी महत्व दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के सहयोग से वृक्षारोपण अभियान से हुई, जिसमें 150 पौधे लगाए गए। खेल प्रतियोगिताओं में स्लो साइक्लिंग, बैडमिंटन, फुटबॉल, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स शामिल थे। वॉलीबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में मुख्य अतिथि प्रो. मेजर फरीद महदी और प्रोवोस्ट प्रो. मोहम्मद तारिक की उपस्थिति रही।

समापन समारोह में विजेताओं को प्रमाणपत्र, मेडल और ट्रॉफियाँ प्रदान की गईं। कार्यक्रम का समन्वय वार्डन मोहम्मद इमरान (एनएसडी समन्वयक 2025), डॉ. मेहदी हयात शाही, हम्माद खान और मोहम्मद शहरान ने किया। यूनिवर्सिटी विमेंस पॉलिटेक्निक ने भी खेल दिवस समारोह में भाग लिया।

यहां 'फिट इंडिया प्रतिज्ञा' के साथ ओलंपिक भावना और उत्कृष्टता, मित्रता और सम्मान जैसे मूल्यों को उजागर किया गया। इसके बाद पोस्टर मेकिंग, शतरंज, क्रिकेट, साइक्लिंग और बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। एएमयू के विभिन्न हॉल्स और संस्थानों में आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रमों ने न केवल मेजर ध्यानचंद की जयंती को श्रद्धांजलि दी।

बल्कि विश्वविद्यालय समुदाय में फिटनेस और खेल भावना को अकादमिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश भी दिया।

## इगलास के ग्राम जामुनका में उचित दर विक्रेता के लिए 30 सितम्बर तक करें आवेदन

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

जिलाधिकारी संजीव रंजन के अनुमोदन के क्रम में ग्राम जामुनका में सामान्य महिला वर्ग में उचित दर विक्रेता की नियुक्ति के लिए लॉटरी के माध्यम से सीधे आवेदन पत्र 04 सितम्बर से 30 सितम्बर तक आमंत्रित किये जाते हैं।

उप जिलाधिकारी गभाना हरिश्चन्द्र ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक द्वारा विभिन्न अर्हतायें पूर्ण किया जाना अनिवार्य है, जैसे- अभ्यर्थी के खाते में कम से कम 40 हजार रूपये उपलब्ध हों। अभ्यर्थी द्वारा अपने आवेदन पत्र के साथ जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र भी प्रश्तुत किया जाएगा। अभ्यर्थी कम से कम हाई स्कूल अथवा उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण हो। अभ्यर्थी की आयु 21 वर्ष से अधिक हो और परिवार में किसी अन्य सदस्य के नाम कोई उचित दर दुकान आवंटित न हो, सम्बन्धी प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र। अभ्यर्थी स्थानीय निवासी हो (सामान्य निवास प्रमाण पत्र)।

अभ्यर्थी द्वारा एक हजार रूपये की अर्नेस्ट मनी बैंक ड्राफ्ट जिला पूर्ति अधिकारी के पक्ष में जमा किया जायेगा। अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई भी अपराधिक मामले पजीकृत न हो और न ही किसी अपराधिक मामले में दण्डित किया गया हो। शपथ पत्र नोटरी।

अभ्यर्थी अथवा उसके परिवार के किसी सदस्य के नाम पूर्व में आवंटित उचित दर दुकान अनियमितता के कारण निरश्त न हुई हो और उसके विरूद्ध आवश्यक वश्तु अधिनियम-1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत अथवा अपराधिक दण्ड संहिता के अन्तर्गत कारित किसी जघन्य अपराध में विधिक कार्यवाही न हुई हो। ग्राम प्रधान के परिवार के सदस्यों के पक्ष में उचित दर की दुकान का आवंटन नहीं किया जायेगा।

# कारोबारी को धमकाने वाले कथित भाजपा नेता पर एफआईआर

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

हिंदू कारोबारी को लेनदेन के विवाद में सिर धड़ से काटने की धमकी देने वाले कथित मुस्लिम भाजपा नेता और उसके भतीजे के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी ने फोन करके हिंदू कारोबारी को जान से मारने की धमकी दी थी, जिसका ऑडियो भी वायरल हुआ था।

ऑडियो वायरल होने के बाद हिंदू कारोबारी ने सीओ थर्ड से मिलकर सारे मामले की शिकायत की थी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। पीड़ति की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। गांधीपार्क पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांधीपार्क थाना क्षेत्र के विकास नगर निवासी कमल शर्मा पुत्र राजेंद्र प्रसाद ने बीते 10 अगश्त को सीओ से मिलकर सारे मामले की शिकायत की



थी। उन्होंने बताया था कि उनके पार्टनर शरफराज का दूसरे पार्टनर शहबाज से पार्टनर शिप का लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद के बाद शहबाज ने उन्हें फोन करके धमकी दी।

शहबाज के चाचा कामरान बहादुर ने भी उन्हें फोन किया और दो दिन के अंदर गर्दन काटकर हत्या करने की धमकी दी गई। पीड़ति ने बताया कि कामरान बहादुर खुद को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष और एक केंद्रीय मंत्री का पीआरओ बताता है।

जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी थी। कारोबारी कमल शर्मा ने बताया कि आरोपी शाहबाज उनका पार्टनर था। पार्टनरशिप में आरोपी ने 25.75 लाख रुपए का हिसाब नहीं दिया था। इसी बात को लेकर उनका विवाद चल रहा था और आरोपी लगातार टाल मटोल कर रहा था। जब उन्होंने हिसाब देने का दबाव बनाया तो आरोपी धमकाने लगा। फिर आरोपी ने अपने भाजपा नेता चाचा से फोन करके गाली गलौज और धमकी दिलवाई।

पिछले महीने तहरीर दी गई थी, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। अब जाकर इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है और पुलिस ने अपनी जांच तेज कर दी है।

इंस्पेक्टर गांधीपार्क राजवीर परमार ने बताया कि पीड़ति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नशीले पदार्थ सहित अभियुक्त गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपद में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अकराबाद पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त आमिर उर्फ गटुआ पुत्र नन्हे खां निवासी मूर्ति बाला मौहल्ला कस्बा पिलखना थाना अकराबाद अलीगढ को 520 ग्राम नशीला पाउडर के साथ पशु अस्पताल के पास बंबे के सहारे सडक पर 20 कदम दूरी पर नानऊ की ओर से गिरफ्तार किया।

**यूएस ओपनः**

## क्वार्टर फाइनल में अनिसिमोवा, ओसाका ने गॉफ को चौंकाया



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** यूएस ओपन में अमांडा अनिसिमोवा ने बीट्रिज हद्दाद माइया को सीधे सेटों में 6-0, 6-3 से शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अनिसिमोवा ने पहले ही गेम में हद्दाद माइया की सर्विस तोड़ी और उसके बाद उनका खेल और तेज हो गया। उन्होंने हद्दाद माइया को कोई मौका नहीं दिया। बेहतरीन सर्विस करते हुए कोर्ट पर गहरी और सटीक टू-हैंडेड बैकहैंड शॉट्स लगाए। दूसरा सेट ज्यादा प्रतिस्पर्धी था। अनिसिमोवा को अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ यूएस ओपन प्रदर्शन को जारी रखने की चुनौती का सामना करना पड़ा। हद्दाद माइया की सर्विस फिर से शुरुआती गेम में टूटी, लेकिन लगातार सात गेम गंवाने के बाद उन्होंने एक ब्रेक हासिल किया। हालांकि, अनिसिमोवा ने तुरंत वापसी की, चौथे गेम में ब्रेक प्वाइंट से बचते हुए गेम को संभाला और हद्दाद माइया के धैर्य के बावजूद, आखिरी गेम में फिर ब्रेक लेकर जीत सुनिश्चित की। साल 2019 में रोलैंड गैरोस के सेमीफाइनल में पहुंची चुकीं अनिसिमोवा ने हद्दाद माइया पर जीत के साथ अपना ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड 42-22 कर लिया। इस सीजन का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड 35-14 तक सुधार लिया।

## बुब्लिक को हराकर लगातार 8वीं बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में सिनर



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** इटली के जैनिक सिनर ने अलेक्जेंडर बुब्लिक को शिकस्त देकर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली, जहां उनका सामना हमवतन लोरेंजो मुसेट्टी से होगा। सिनर लगातार आठवें ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। वर्ल्ड नंबर 1 और गत यूएस ओपन चैंपियन सिनर ने बुब्लिक के खिलाफ 6-1, 6-1, 6-1 से जीत हासिल की। ??यह मुकाबला 81 मिनट तक चला। इस मुकाबले में बुब्लिक ने 13 डबल फॉल्ट किए। उन्होंने कुल 31 अनफोर्स्ड एरर किए।

24 वर्षीय सिनर लगातार आठवें ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे हैं। पिछली बार सिनर को इस चरण से पहले 2023 यूएस ओपन में हार का सामना करना पड़ा था। उस समय उन्हें चौथे राउंड में अलेक्जेंडर ज्वेरेव के हाथों शिकस्त झेलनी पड़ी थी। सिनर का सामना 10वीं वरीयता प्राप्त म्युसेटी से होगा। पहली बार किसी प्रमुख टूर्नामेंट में सिर्फ इतालवी पुरुषों का एकल क्वार्टर फाइनल होगा। वर्ल्ड नंबर 1 सिनर इस भिड़ंत में 2-0 के एटीपी हेड-टू-हेड रिकॉर्ड के साथ उतरेंगे। जैनिक सिनर ने मुकाबले से पहले कहा, यह देखना बहुत अच्छा है। इतालवी टेनिस इस समय शानदार फॉर्म में है। हमारे पास इतने सारे खिलाड़ी हैं, इतनी सारी अलग-अलग खेल शैलियां हैं। उन्होंने कहा, लोरेंजो मुसेट्टी शायद हमारे सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक हैं। मैं इस मुकाबले का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। एक इतालवी खिलाड़ी के नजरिए से, सेमीफाइनल में एक इतालवी खिलाड़ी का होना यकीनन बहुत अच्छी बात है।




# राशिद खान ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

**➲ टी20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूएई और अफगानिस्तान के बीच ट्राई सीरीज का तीसरा मुकाबला शारजाह क्रिकेट ग्राउंड में बीते 1 सितंबर को खेला गया। इस मैच को अफगानिस्तान ने 38 रन से अपने नाम कर लिया। अफगानिस्तान के कप्तान और स्टार लेग स्पिनर राशिद खान ने यूएई के खिलाफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने न्यूजीलैंड के टिम साउदी को पीछे छोड़ दिया। 26 साल के राशिद खान ने यूएई के खिलाफ 4 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्होंने एथन डीसूजा आसिफ खान और ध्रुव पराशर का शिकार किया। इसी के साथ राशिद खान टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने 98 मैचों में 165 विकेट ले लिए हैं। राशिद खान ने न्यूजीलैंड के दिग्गज टिम साउदी को पीछे छोड़ यह बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है।

### टी20आई में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

राशिद खान– 165
टिम साउदी– 164
ईश सोढ़ी– 150
शाकिब अल हसन– 149
मुस्ताफिजुर रहमान– 142

**मिचेल स्टार्क ने टी20 विश्व कप से पहले**

# टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**ब्रिसबेन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। न्यूजीलैंड के खिलाफ एक अक्टूबर से शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला के लिए मंगलवार को घोषित आस्ट्रेलियाई टी20 टीम में स्टार्क और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस के नाम नहीं हैं। 33 वर्ष के स्टार्क ने 65 टी20 मैचों में 79 विकेट लिए हैं। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट उनकी प्राथमिकता है और अगले दो साल के व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए उन्हें तैयार रहना है। कमिंस को पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद से आराम दिया गया है। उनकी कमर में भी दर्द है इसलिए नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला की तैयारी के मद्देनजर उन्हें आराम दिया है। स्टार्क एशेज, भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला और 2027 वनडे विश्व कप के लिये पूरी तरह फिट रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मैने ऑस्ट्रेलिया के लिए हर टी20 मैच के हर मिनट का मजा लिया है। खासकर 2021 विश्व कप क्योंकि जीत के साथ हमने पूरे सफर का आनंद लिया। स्टार्क ने कहा, 'टी20 से संन्यास लेने का कारण तरोताजा और फिट बने रहना है। इससे गेंदबाजी समूह को टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए भी समय मिल जाएगा। आस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा, 'मिचेल को अपने टी20 करियर पर गर्व होना चाहिए। वह विश्व कप 2021 विजेता टीम का प्रमुख सदस्य था। अच्छी बात यह है कि वह टेस्ट और वनडे क्रिकेट खेलता रहेगा।



# पाकिस्तान के पावर-हिटर आसिफ अली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

**नई दिल्ली एजेंसी।** पाकिस्तानी बल्लेबाज आसिफ अली ने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह घरेलू क्रिकेट खेलते रहेंगे। पाकिस्तान के मध्यक्रम बल्लेबाज आसिफ अली ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करता हूं। पाकिस्तान की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। क्रिकेट के मैदान पर अपने मुल्क की सेवा करना मेरे लिए सबसे गर्व की बात है। आसिफ अली ने समर्थकों का आभार जताते हुए कहा, अपने फैंस, साथियों और कोच का शुक्रिया, जिन्होंने हर उतार-चढ़ाव में मुझे प्यार, भरोसा और समर्थन दिया। अ

पने परिवार और दोस्तों का भी धन्यवाद, जो मेरे साथ खुशियों में और मुश्किल घड़ियों में खड़े रहे, खासकर विश्व कप के दौरान मेरी प्यारी बेटी के निधन जैसी त्रासदी में, उनकी मजबूती ने मुझे आगे बढ़ने की ताकत दी। उन्होंने लिखा, मैं अपार कृतज्ञता के साथ संन्यास लेता हूं। मैं आगे भी घरेलू और दुनियाभर की लीग क्रिकेट खेलकर अपने खेल के प्रति जुनून को साझा करता रहूंगा। आसिफ अली ने अप्रैल 2018 में अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने पाकिस्तान की ओर से 21 वनडे मुकाबलों में 25.46 की औसत के साथ 382 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से तीन अर्धशतक देखने को मिले। वहीं, 58 टी20 मुकाबलों में दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 15.18 की औसत के साथ 577 रन अपने खाते में जुटाए। उनका इस्तेमाल मुख्य रूप से एक फिनिशर और पावर-हिटर के रूप में किया गया।

# क्रेग मैकमिलन बने न्यूजीलैंड महिला टीम के फुल टाइम असिस्टेंट कोच




**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रेग मैकमिलन को न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम का फुल टाइम असिस्टेंट कोच नियुक्त किया गया है। वह न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी और बल्लेबाजी कोच, बेन सॉयर और डीन ब्राउनली के साथ व्हाइट फर्न्स के बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण विभागों का जिम्मा संभालेंगे। उनकी नियुक्ति आधिकारिक तौर पर इसी सप्ताह से होगी। इस भूमिका के तहत मैकमिलन अपना पूरा समय न्यूजीलैंड महिला टीम और विमेंस प्लेयर्स ऑफ इंटरेस्ट कार्यक्रम को समर्पित करेंगे। इस बीच वह कमेंट्री और अन्य कोचिंग प्रतिबद्धताओं से कुछ समय के लिए दूर रहेंगे। क्रेग इससे ठीक एक साल पहले पार्ट-टाइम कॉन्ट्रैक्ट पर टीम से जुड़े थे। मैकमिलन 2024 में यूएई में हुए आईसीसी टी20 विश्व कप खिताबी जीत के दौरान टीम के साथ थे।

मैकमिलन यह जिम्मेदारी पूर्णकालिक रूप से संभालने पर बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, व्हाइट फर्न्स के साथ इस भूमिका में होना मेरे लिए बेहद खास है। महिला क्रिकेट लगातार मजबूत हो रहा है। मैं हमारी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ काम करते रहने के लिए उत्साहित हूं।

उन्होंने कहा, पिछला साल बहुत जल्दी बीत गया। मुझे उस टीम का हिस्सा होने का हर पल बहुत अच्छा लगा, जो लगातार बेहतर होती जा रही है, एक-दूसरे को चुनौती देती है और विश्व मंच पर खास प्रदर्शन करती है। मैकमिलन ने बताया कि विमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप को लेकर न्यूजीलैंड की तैयारियां जोरों पर हैं। व्हाइट फर्न्स ने आगामी विश्व कप की तैयारी के लिए अगस्त में चेन्नई में ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया, ताकि स्पिन-अनुकूल परिस्थितियों के अनुरूप ढल सकें। विमेंस वर्ल्ड कप 2025 की शुरुआत 30 सितंबर से होने जा रही है।

1 अक्टूबर को टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। न्यूजीलैंड का अगला मुकाबला 6 अक्टूबर को साउथ अफ्रीका से होगा। इसके बाद टीम 10 अक्टूबर को बांग्लादेश से भिड़ेगी। न्यूजीलैंड की विमेंस वर्ल्ड कप टीम की घोषणा 10 सितंबर को होगी।

# यूएई के कप्तान ने तोड़ा रोहित शर्मा का वर्ल्ड रिकॉर्ड, टी-20 इंटरनेशनल में जड़े सबसे ज्यादा छक्के






**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज कप्तान रोहित शर्मा का एक बड़ा टी20 इंटरनेशनल रिकॉर्ड टूट गया है. उनके नाम इस फॉर्मेट में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा छक्के जड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड था. जिसे यूएई के कप्तान मुहम्मद वसीम ने तोड़ दिया है. रोहित के नाम टी20 इंटरनेशनल में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा 105 छक्के लगाने का रिकॉर्ड था. लेकिन, अब वसीम ने कल खेले गए अफगानिस्तान के खिलाफ एक टी20 मैच में बतौर कप्तान 110 छक्के जडने का रिकॉर्ड बना लिया. उन्होंने अफगानी टीम के खिलाफ 6 छक्के लगाकर यह मुकाम हासिल किया. मुहम्मद वसीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ 37 गेंदों में 67 रन की पारी खेली. लेकिन बावजूद उसके टीम को 38 रन से हार झेलनी पडी.

### वसीम की कप्तानी पारी टीम के नहीं आई काम

यूएई में खेली जा रही टी20 ट्राई सीरीज के तीसरे मैच में अफगानिस्तान ने यूएई को 38 रन से हराया. यूएई ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया. अफगान टीम ने बल्लेबाजी करते हुए बोर्ड पर 4 विकेट खोकर 188 लगाए. टीम के लिए सेदिकुल्लाह अटल (54 रन) और इब्राहिम जादरान (63 रन) की अर्धशतकीय पारी खेली. लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की टीम सिर्फ 150 रन पर ही सिमट गई. टीम की ओर से कप्तान मुहम्मद वसीम ने 67 रन और राहुल चोपड़ा ने नाबाद 52 रन बनाए. अफनिस्तान के लिए राशिद खान और शरफुद्दीन अशरफ ने 3-3 विकेट झटके.

# अगले साल भारत में होगा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप

**बीएआई ने भव्य आयोजन का किया वादा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) विश्व चैंपियनशिप के लिए काफी उत्सुक है और उसने इस टूर्नामेंट की उत्कृष्टता और भव्यता को आगे बढ़ाने का वादा किया है। भारत को अगले साल होने वाले बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी मिली है। यह टूर्नामेंट 2026 में दिल्ली में आयोजित होगा। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) इसके लिए काफी उत्सुक है और उसने इस टूर्नामेंट की उत्कृष्टता और भव्यता को आगे बढ़ाने का वादा किया है। यह दूसरी बार होगा जब भारत इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। इससे पहले 2009 में हैदराबाद में विश्व चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था।

आठ साल बाद एशिया में होगा ये टूर्नामेंट

दिल्ली की मेजबानी से टूर्नामेंट की आठ साल के बाद एशिया में वापसी होगी। चीन के नानजिंग ने 2018 सत्र की मेजबानी की थी। भारत टूर्नामेंट में सबसे निरंतरता के साथ पदक जीतने वाले वाले देशों में से एक है। भारत ने 1983 से अब तक 15 पदक जीते है जिसमें 2011 सत्र के बाद से हर आयोजन में कम से कम एक पदक जीतना शामिल है। बीएआई के मानद सचिव संजय मिश्रा ने कहा, हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि पेरिस ने जो उत्कृष्टता और भव्यता दखाई है भारत उन मानकों को बनाए रखने और आगे बढ़ाने के लिए अपना शत प्रतिशप प्रयास करेगा। हम वैश्विक बैडमिंटन परिवार का दिल्ली में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। यह घोषणा पेरिस में 2025 चैंपियनशिप के समापन समारोह के दौरान की गई। बीडब्ल्यूएफ अध्यक्ष खुनयिंग पटामा लीस्वदत्रकुल फेडरेशन फ्रैंकाइस डी बैडमिंटन के अध्यक्ष फ्रैंक लॉरेंट और बीएआई के मानद महासचिव संजय मिश्रा के बीच कार्यभार हस्तांतरण हुआ।

बीएआई ने कहा, भारत के लिए दोबारा चैंपियनशिप की मेजबानी करना इस खेल की बड़ी ताकत और वैश्विक बैडमिंटन मानचित्र पर एक प्रमुख स्थल के रूप में मजबूत स्थिति को दर्शाता है।




